

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 198 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 25 मई 2022



पेज -3 पर
8 सूत्रीय मांगों को लेकर पुनः भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी ने मनेंद्रगढ़ ..



नन्हेश्वर शिवलिंग का शीघ्र पता लगाएं प्रशासन और दोषी के खिलाफ कठोर...
पेज -8 पर





JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### आंगनबाड़ी सहायिका ने अपना ही अश्लील वीडियो वायरल किया, मचा बवाल

SDM के पास पहुंची महिलाओं ने कहा- बर्खास्त करो



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकरे जिले में एक आंगनबाड़ी सहायिका का अश्लील वीडियो वायरल होने से बवाल मच गया है। वीडियो को आंगनबाड़ी सहायिका ने खुद ही बनाया और वायरल कर दिया। वीडियो पूरे गांव में फैल गया। जब बात बिगड़ी तब आंगनबाड़ी सहायिका ने कहा कि वीडियो गलती से वायरल हुआ है। इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। आंगनबाड़ी सहायिका की इस हरकत से गांव की महिलाएं आक्रोशित हो गईं और एसडीएम के दफ्तर तक पहुंच गई। महिलाएं आंगनबाड़ी सहायिका को तत्काल बर्खास्त करने की मांग कर रहीं हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर ब्लॉक का है। एक आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका का अश्लील वीडियो पूरे गांव में वायरल हो गया। गांव का बच्चा, बूढ़ा और जवान सभी ने आंगनबाड़ी सहायिका का अश्लील वीडियो देखा।

# लोगों के चेहरे पर प्रसन्नता देख, मिलता है संतोष : मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज चित्रकोट विधानसभा के ग्राम उसरीबेड़ा में लोगों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के चेहरे पर प्रसन्नता देख उन्हें संतोष की अनुभूति होती है। वे भेंट-मुलाकात के दौरान सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं यह जानने आए हैं। योजनाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी लेना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर उसरीबेड़ा में आदिवासी समाज के लिए भवन, चित्रकोट पुलिस चौकी



के सामने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा की स्थापना, लोहंडीगुड़ा में नया कालेज, ककनार में नया स्कूल और नया धान खरीदी केंद्र खोलने की घोषणा की। साथ ही आस-पास के गांवों में पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। वे आज उसरीबेड़ा में आम के पेड़ की छांव में छिंद के पत्ते और बांस से बने छप्पर के नीचे ग्रामीणों से मुलाकात कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान चित्रकोट निवासी गेड़ी नृत्य करने वाले श्री सहदेव पटेल को नृत्य समूह के परिधान के लिए उदारतापूर्वक 01 लाख रुपये देने की घोषणा की। सहदेव ने कहा- नायक फ़िल्म तो फ़िल्म है आप छत्तीसगढ़ के असली हीरो हैं। प्रेमनाथ सेठिया ने बताया कि डेढ़ लाख रूपए का कृषि ऋण माफ हुआ है और राजीव गांधी किसान न्याय योजना से 79 हज़ार रूपए मिला है, जिससे उन्होंने कृषि कार्य के लिए थ्रेशर खरीदा है। इसी गांव के रत्तू राम ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए बताया कि उसे कर्ज से मुक्ति मिल गई है। उनका कृषि ऋण 1,05,151 रूपए माफ हो गया है। इसी प्रकार कुंती मोहरे ने बताया कि अब उसे गोबर संग्रह करने से भी पैसा मिलने लगा है।

### रेत ठेकेदार के गुर्गों पर कार्यवाही

# ग्रामीणों के साथ मारपीट होने पर नपाध्यक्ष ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

## एसडीएम से मिलकर सौंपा शिकायत पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

चिंगरौद में दिन भर नदी से रेत खनन करने के बावजूद रात में भी अवैध रूप से रेत खनन किए जाने और ग्रामीणों के साथ मारपीट करने की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने गांव के युवाओं के साथ एसडीएम भागवत प्रसाद जायसवाल को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा है। वहीं पालिका अध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की पुनरावृत्ति होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्राम चिंगरौद के ओमप्रकाश निषाद, इंद्र कुमार साहू, ओमन दास, डिगेश्वर बघेल, राजेश, भोज राम निषाद, धर्मेंद्र यादव, महेंद्र



पटेल, बसंत, टिकेश्वर आदि ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से मुलाकात कर गांव में रेत खनन कार्य में लगे ठेकेदार और उनके गुर्गे द्वारा दिन में रेत खनन के अलावा रात भर अवैध रूप से बेतहाशा रेत खनन करने की जानकारी दी। गांव के युवाओं ने बताया कि रेत परिवहन में लगे हाईवा से मुख्य मार्ग और खेती किसानी के लिए जिन रास्तों आवागमन ग्रामीण करते हैं उन मार्गों को क्षतिग्रस्त हो रहा है। युवाओं ने बताया कि रेत ठेकेदार को रात में खनन न करने को कहा गया तो उनके कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों के साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। और ग्रामीणों को झूठे मामलों में फ ंसाने की धमकी दी जाती है। जिससे ग्रामीण भयभीत है। बाद पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने ग्रामीण और युवाओं के साथ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम भागवत प्रसाद जायसवाल से मिलकर वास्तु स्थिति से अवगत कराया। एसडीएम जायसवाल ने कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को निर्देशित किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने रेत ठेकेदार पर कार्रवाई व ग्रामीणों के साथ मारपीट या अन्य किसी भी प्रकार घटना घटने होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर सभापति व पार्षद संदीप घोष एवं मुन्ना देवार मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ कोटे से राज्यसभा जाएंगे 2 सांसद

### चुनाव की अधिसूचना जारी, पहले दिन किसी ने नहीं लिया नामांकन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। मंगलवार को पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिसूचना जारी करने के साथ ही चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्यसभा के लिए 31 मई तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। 1 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 2 जून तक उम्मीदवार को नामांकन वापस लेने का मौका दिया जाएगा। एक सीट के लिए 2 से अधिक उम्मीदवार होने पर 10 जून को राज्यसभा के लिए मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। 10 जून को ही परिणाम जारी किए जाएंगे।

बता दें कि भाजपा के रामविचार नेताम और कांग्रेस की छाया वर्मा का कार्यकाल 29 जून को समाप्त हो रहा है। 10 जून तक छत्तीसगढ़ से राज्यसभा के लिए दो सांसदों का चुनाव किया जाना है। 31 मई को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे के बीच विधानसभा स्थित पीठासीन अधिकारी के कार्यालय में नामांकन जमा होगा। तय तिथि में सभी वैध उम्मीदवारों की सूची जारी हो जाएगी। दो से अधिक उम्मीदवार हुए तो 10 जून को मतदान होगा। सचिव दिनेश शर्मा ने बताया नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन किसी ने नामांकन नहीं लिया है।

### सीएम भूपेश बघेल की पसंद से तय होगा नाम

*बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत राज्यसभा जाने की इच्छा जता चुके हैं। डॉ. महंत ने कहा था कि मैं विधानसभा और लोकसभा जा चुका हूं। 11 बार चुनाव लड़ चुका हूं। ऐसे मैं राज्यसभा में एक बार सेवा करना चाहता हूं। यह मैं आज करूं या 5 साल बाद करूं यह अलग बात है। 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 71 विधायक हैं। ऐसे में दोनों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत तय है। अधिसूचना जारी होते ही राज्यसभा जाने के दावेदारों की लॉबिंग शुरू हो गई है।*

# संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने में बस्तर जिला पूरे राज्य में दूसरे पायदान पर

रायपुर। बस्तर क्षेत्र में संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को संस्थागत प्रसव के प्रति प्रोत्साहित करने लिए बस्तर जिले में सांघा-जाना कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आज बास्तनार विकासखंड के बड़े किलेपाल पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने हाट बाजार अवलोकन के दौरान इस कार्यक्रम से अवगत हुए।





### जांच से लेकर सभी चिकित्सकीय सुविधा की जाती है प्रदान

गर्भावस्था के दौरान, महिलाएं अपनी तकलीफों को लेकर संकोच करती हैं। ऐसे में सही समय पर उनकी हर प्रकार की जांच सुनिश्चित हो, इसके लिए सांघा-जाना कार्यकम संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर, उन्हे चार बार खून, रक्तचाप, वजन, ब्लड शुगर की जांच के लिए दूरभाष के मध्यम से सचेत किया जाता है। और महिलाओं को चिकित्सा केंद्र तक लाकर उनकी जांच की जाती है। प्रसव के पूर्व महिलाओं को अस्पताल में ही दाखिल कर लिया जाता है, ताकि जच्चा और बच्चा दोनो चिकित्सकीय देखरेख में रहे। बस्तर जिला कलेक्टर श्री रजत बंसल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस कार्यक्रम के संचालन से जिले में 99.9 प्रतिशत तक संस्थागत प्रसव सुनिश्चित हो रहा है। बस्तर जिला पूरे राज्य में संथागत प्रसव सुनिश्चित करने में दूसरे स्थान पर है।

# शराब पीने के लिए पैसा नही दिया तो मारा चाकू

**रायपुर।** राजधानी के तेलीबांधा क्षेत्र के सिंगल जैतखाम के पीछे सतनामी पारा में बीती रात एक युवक ने दूसरे को चाकू मारकर घायल कर दिया। तेलीबांधा थाना पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित चैतराम बारले 23 मई के रात्रि करीबन 08.40 बजे अपने घर के सामने चौरा में हरीश चंद्र बारले, महेश बारले के साथ बैठा था। उसी समय मोहल्ले का सागर बंजारे गली में मां बहन की अश्लील गाली बकते आया और शराब पीने के लिये पैसा निकाल बोला। जिस पर चैतराम ने पैसा नही होना कहा तो सागर

बंजारे ने चैतराम के साथ गाली गलौच शुरू कर दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये अपने जेब में रखे चाकू से चैतराम के बांये कुल्हे में हमला कर दिया तथा बीच बचाव करने आए हरिशचंद्र बारले को भी गाली देते हुये वहां से भाग गया।

### नक्सलियों के नापाक मंसूबे नाकाम

# सर्चिंग पार्टी ने बरामद किया 5 के जी का बम, जवानों को नुकसान पहुंचाने किया था प्लांट

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में जवानों ने माओवादियों के नापाक मंसूबों को एक बार फिर नाकाम दिया है। सर्चिंग पर निकली कोबरा 206 वाहिनी की D कंपनी ने एलमागुंडा और मिनपा के बीच 5 KG का IED बरामद किया है।

नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने जंगल में बम को प्लांट किया था। सर्चिंग पर निकले जवानों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। बीडीएस (बम निरोधक दस्ता) की टीम ने बम को विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया।



बम इतना शक्तिशाली था कि जवान चपेट में आते तो बड़ा नुकसान हो जाता।

इन दिनों माओवादी संगठन पुलिस से आमने-सामने की भिड़ंत के बजाय बम प्लांट करने की घटनाओं को ज्यादा अंजाम दे रहे हैं। बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा व सुकमा इलाके में लगातार बम मिलने और आईईडी विस्फोट की घटनाएं हो रही हैं। सुकमा जिले के एलमागुंडा व मिनपा के बीच जवानों को नुकसान पहुंचाने माओवादियों ने आईईडी लगाकर बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रची थी, जिसे सर्चिंग टीम ने नाकाम कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कोबरा 206 वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अनिल कुमार, डिप्टी कमांडेंट प्रशांत राय और सौरभ यादव के नेतृत्व में टीम सर्चिंग पर निकली थी।

### बीजापुर में 3, नारायणपुर में मिला था बम

बता दें कि बीजापुर जिले के नेलसनार इलाके में इस महीने आईईडी विस्फोट की तीन घटनाएं हो चुकी है। 12 मई को सीआरपीएफ और जिला बल के जवानों ने नेलसनार थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक 5 किलो का कुकर बम बरामद किया था, जिसे सुरक्षित तरीके से बीडीएस की टीम द्वारा विस्फोट कर दिया गया था। 14 मई को फिर इसी क्षेत्र में एक प्रेशर बम के विस्फोट होने से सीएएफ 8वीं वाहिनी का ही एक और जवान घायल हुआ था। 21 मई को सीएएफ का जवान आईईडी की चपेट में घायल हो चुका है।

**झीरमघाटी कांड** धरमलाल कौशिक ने भूपेश बघेल सरकार पर झीरम मामले को लेकर एक बार फिर हमला बोला

# कौशिक बोले- रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं करते, भूपेश ने कहा-? बीजेपी जांच क्यों होने नहीं देना चाहती

*रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने भूपेश बघेल सरकार पर झीरम मामले को लेकर एक बार फिर हमला बोला। कौशिक ने कहा कि आखिर कांग्रेस की सरकार और मुख्यमंत्री झीरम मामले को क्यों ओपन नहीं करना चाहते।*



जांच पूरी होने के बाद प्रतिवेदन प्रस्तुत हो गया है। सरकार की जवाबदारी थी कि उसे विधानसभा में पेश कर सार्वजनिक किया जाता, लेकिन भूपेश सरकार द्वारा रिपोर्ट को दबाने और लीपापोती का प्रयास किया जा रहा है। आखिर सरकार इसे क्यों रोकना चाहती है। आनन-फानन में अलग कमेटी बनाना और जांच की घोषणा करने से मामला संदिग्ध हो रहा है।

धरमलाल कौशिक ने कहा कि नई कमेटी बनाने से पुरानी जांच की वैधानिक स्थिति क्या होगी। इस बात को लेकर कोर्ट द्वारा स्टे दिया गया है। झीरम मामले के सच को उजागर करना, दोषियों पर कार्रवाई करना, परिवार को न्याय दिलाना है, लेकिन कांग्रेस की सरकार मामले को दबाना चाहती है। पुरानी जांच आयोग द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है, उस प्रतिवेदन को पटल पर नहीं रखा जाना। विधानसभा में सार्वजनिक नहीं करना अनेक प्रश्नचिन्हों को जन्म दे रही है। आखिर क्यों इस मामले से भूपेश सरकार भाग रही है। सरकार जानबूझकर झीरम के मामले में लीपापोती कर रही है।

### जांच में लगातार अड़ंगा डाल रही भाजपा

23 मई को बस्तर रवाना होने से पहले सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि केस एनआईए से वापल लेने की बात होती है तो भारत सरकार देती नहीं है। दूसरा एफआईआर दर्ज होता है तो एनआईए कोर्ट चली जाती है।

# बदली दहशत की फिजा तो ईको टूरिज़्म रिसॉर्ट में तब्दील हुआ एसटीएफ कैम्प

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने प्रदेश व्यापी भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम के दौरान ग्राम चित्रकोट में ईको टूरिज़्म रिसॉर्ट का उद्घाटन किया। रिसॉर्ट में आत्मसर्पित नक्सली और नक्सल पीड़ित परिवारों के दस से ज़्यादा लोगों को रिसॉर्ट में रोजगार मिलेगा। पहले इस स्थल पर एसटीएफ कैम्प था।अब यहां शांति पूर्ण माहौल है और जन जीवन सामान्य है इसलिए एसटीएफ कैम्प को ईको टूरिज़्म रिसॉर्ट में रूप में रेनोवेट किया गया है। लगभग 2 करोड़ 90 लाख राशि की लागत से बने इस रिसॉर्ट में अंदरूनी इलाकों से पढ़ाई के लिए आने वाले बच्चों के लिए डोरमेट्री भी बनाई गई है। साथ ही पर्यटकों के लिए रूफ टॉप रेस्टोरेंट और रिवर राफ्टिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। रिसॉर्ट का निर्माण जिला प्रशासन द्वारा किया गया है, इसका संचालन छत्तीसगढ़ टूरिज़्म बोर्ड द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री के समक्ष जिला प्रशासन से छत्तीसगढ़ टूरिज़्म बोर्ड रिसॉर्ट का आधिपत्य हस्तांतरित किया गया।



# एनएफएचएस-5 सर्वे उस भारत की तस्वीर पेश करता है, जहां प्रगति के बावजूद जमीनी सच्चाई बेहद कड़वी है

आधिकारिक रिपोर्ट और सर्वेक्षण महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों के बारे में बताते हैं, इसके बावजूद वे हमेशा अखबारों की सुर्खियां नहीं बनते, न ही टीवी के प्राइम टाइम पर जगह पाते हैं। हाल ही में जारी नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5) इसका प्रमाण है। यह एक ऐसे भारत की तस्वीर पेश करता है, जहां प्रगति के बावजूद कटु जमीनी सच्चाई है। इसे दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे। इसके बावजूद इस सर्वे के विस्तार में जाने से पहले एक पूर्व शर्त है।

वह यह कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में राष्ट्रीय औसत पूरी सच्चाई नहीं बता सकता। देश को उसकी संपूर्णता में समझने और इसकी कमियों के बारे में जानने के लिए किसी को भी राज्यों और जिलों के आंकड़ों तक जाना होगा। स्त्री शिक्षा से जुड़े आंकड़े का मामला ही लीजिए। ताजा सर्वेक्षण बताता है कि देश की 41 प्रतिशत महिलाओं ने 10 साल तक स्कूली शिक्षा प्राप्त की है-यह 2015-17 के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की तुलना में बेहतर है, जिसमें बताया गया था कि 37 फीसदी महिलाओं ने 10 साल तक स्कूली शिक्षा हासिल की है।

ताजा सर्वेक्षण में इस मोर्चे पर हुए मामूली सुधार के बावजूद कुछ राज्य स्त्री शिक्षा के मामले में पिछड़े हुए हैं। जैसे, बिहार में 28 प्रतिशत महिलाओं ने ही न्यूनतम स्कूली शिक्षा हासिल की है। जबकि इसी अवधि में केरल में स्कूली शिक्षा हासिल करने वाली महिलाएं 77 फीसदी हैं। महिला श्रम भागीदारी के मामले में भारत दुनिया के बदतर देशों में से है। दूसरी ओर, यहां 15 साल और उससे बड़ी लड़कियां, जो देश की स्त्री जनसंख्या का एक तिहाई हैं, काम कर रही हैं या नौकरी की तलाश में हैं।

यह बात बार-बार कही जाती है कि हमारे यहां श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी कम है, क्योंकि वे उच्च शिक्षा हासिल कर रही हैं। पर एनएफएचएस-5 का आंकड़ा बताता है कि देश की आधी से ज्यादा महिलाओं ने स्कूली शिक्षा पूरी ही नहीं की है। फिर यह बात कैसे सच हो सकती है कि महिलाओं के उच्च शिक्षा प्राप्त करने के कारण श्रम बल भागीदारी में महिलाएं कम हैं? एक और तथ्य लेते हैं, जो देश की जनसंख्या की बुनियादी ताकत है- वह है बच्चों का स्वास्थ्य और उनके पोषण की स्थिति।



**नौनिहालों की सेहत**

एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट स्वास्थ्य से जुड़े ए क और निराशाजनक परिदृश्य के बारे में बताती है।छह से 23 महीने के आयु वर्ग के देश में मात्र 11 फीसदी बच्चे ही हैं, जिन्हें मां के दूध के अलावा भी पोषक खाद्य पदार्थ मिलता है। उत्तर प्रदेश में इस आयु वर्ग के महज 5.9 प्रतिशत बच्चे ही ऐसे हैं, जिन्हें मां के दूध के अलावा अन्य पोषक खाद्य पदार्थ उपलब्ध है।

सच्चाई यह है कि इस देश के बच्चों को शुरुआती वर्षों में पोषणयुक्त भोजन की न्यूनतम मात्रा भी नहीं मिल पाती, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे %एनीमिया मुक्त भारत% अभियान के बावजूद पूरे देश के बच्चों में रक्ताल्पता की शिकायत आम है। एक थिंकटैंक इंस्टीट्यूट फॉर कंपीटिटिवनेस के डॉ. अमित कपूर और जेसिका दुग्गल द्वारा एनीमिया पर तैयार 'द स्टेट ऑफ इनइक्वैलिटी इन इंडिया रिपोर्ट' नाम से एक दूसरा दस्तावेज भी, जिसे प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ. बिबेक देबरॉय ने जारी किया है, एनीमिया पर सरकारी आंकड़ों की तरफ हमारा ध्यान आकर्षित करता है।

इस दस्तावेज के मुताबिक, छह से 59 महीने तक के 67 फीसदी बच्चे एनीमिया से ग्रस्त हैं। जबकि एनएफएचएस-4 की रिपोर्ट में 59 प्रतिशत छोटे बच्चों को एनीमिया से ग्रस्त बताया गया था। जाहिर है, स्वास्थ्य के मोर्चे पर नवजातों की स्थिति नहीं सुधरी है। 15 से 49 साल की 57 फीसदी महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुष एनीमिया से ग्रस्त हैं।

यह राष्ट्रीय औसत है। मध्य प्रदेश में छह से 59 महीने के 72.7 प्रतिशत बच्चों को एनीमिया है, यानी उन्हें पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिल पाता। यह तो पहले से ही स्पष्ट है कि देश के अमीर और गरीब राज्यों के बीच पोषण की स्थिति में अंतर है। मसलन, बिहार में अब भी पोषण के अभाव में कमजोर बच्चों का आंकड़ा देश में सबसे अधिक है। वहां पांच साल से कम उम्र के 41 प्रतिशत बच्चे कम वजन के हैं, तो 42.9 प्रतिशत बच्चे नाटे हैं। कद के अनुरूप बच्चों का वजन न बढ़ने के मामले मेंमहाराष्ट्र सबसे आगे है। वहां 25.6 फीसदी बच्चों का वजन उनके कद के अनुरूप नहीं है, जबकि 10.9 प्रतिशत बच्चों का वजन उनके कद के हिसाब से बहुत ही कम है।

एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट स्वास्थ्य से जुड़े ए क और निराशाजनक परिदृश्य के बारे में बताती है।छह से 23 महीने के आयु वर्ग के देश में मात्र 11 फीसदी बच्चे ही हैं, जिन्हें मां के दूध के अलावा भी पोषक खाद्य पदार्थ मिलता है। उत्तर प्रदेश में इस आयु वर्ग के महज 5.9 प्रतिशत बच्चे ही ऐसे हैं, जिन्हें मां के दूध के अलावा अन्य पोषक खाद्य पदार्थ उपलब्ध है। यह आंकड़ा स्तब्ध करने वाला है, क्योंकि बच्चों के जीवन के शुरुआती 1,000 दिन उनके शारीरिक विकास के साथ-साथ उनके मस्तिष्क के विकास के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण होते हैं।

पत्रलेखा चटर्जी

## संपादकीय

### फिर शुरू किसान आंदोलन

किसानों को संभवत: यह महसूस हुआ है कि उनके पास अपनी मांगें मनवाने का एक कारगर मॉडल है। एक समय आम आदमी पार्टी ने इस मॉडल का समर्थन किया था। लेकिन अब मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि किसानों का आंदोलन गैर-जरूरी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अब अहसास हुआ होगा कि सत्ता में ना रहने पर समाज के किसी भी वर्ग के असंतोष और आंदोलन का समर्थन करना कितना आसान होता है। उधर पंजाब के किसानों को भी यह अहसास हो रहा है कि कोई पार्टी सिर्फ नाम रख लेने भर से आम आदमी की समर्थक नहीं हो जाती। इन अहसासों का कारण पंजाब खड़ा हुआ ताजा टकराव है। पंजाब के सैकड़ों किसान अब राज्य के बाहरी इलाके चंडीगढ़ बॉर्डर पर जुट गए हैं। उनका ये जुटाव उसी तर्ज पर है, जिसके जरिए उन्होंने केंद्र सरकार को तीन कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर किया था। इस बार उनकी एक मांग गर्मी के कारण गेहूं की फसल की बर्बादी झेलने वाले किसानों को 500 रुपये प्रति क्विंटल का मुआवजा देने की है। उनकी अन्य प्रमुख मांगों में मक्का, बासमती और मूंग की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा शामिल है, जिसका चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने वादा किया था। किसानों को इस बात पर भी आपत्ति है कि राज्य सरकार ने अचानक 18 जून से धान की रोपाई शुरू करने का आदेश जारी कर दिया। मंगलवार को किसानों ने पंजाब सरकार के खिलाफ मार्च निकाला और चंडीगढ़ की ओर जाने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। जिसके बाद किसान चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर ही धरना देकर बैठ गए।

# पश्चिमी देशों को यहां संसाधन लूटना बंद करना होगा, उचित नीतियां भी बनानी होंगी

हालांकि इस समय विश्व का अधिकांश ध्यान पूर्वी यूरोप व वहां भी विशेषकर यूक्रेन पर केंद्रित है, पर यदि यह पूछा जाए कि लंबे समय से सबसे अधिक समस्याओं से कौन-सा क्षेत्र जूझ रहा है, तो निश्चय ही यह अफ्रीका महाद्वीप है। पहले कहा जाता था कि उत्तरी अफ्रीका की समस्याएं अपेक्षाकृत कम हैं। मुख्य समस्याएं 'उप-सहारा अफ्रीका' क्षेत्र में हैं, यानी उस क्षेत्र में, जो सहारा रेगिस्तान में या उसके दक्षिण में है। अफ्रीका का अधिकांश हिस्सा उप-सहारा क्षेत्र में ही है। आंतरिक हिंसा व अकाल से यह क्षेत्र अधिक प्रभावित रहा है।

हाल के समय में उत्तरी अफ्रीका के बड़े क्षेत्रों, जैसे लीबिया व मिस्र की स्थिति में भी बहुत गिरावट आई है व इनकी समस्याएं तेजी से बढ़ी हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि युद्ध व आंतरिक हिंसा ने अफ्रीका में सर्वाधिक क्षति की है। कांगो, नाइजीरिया, सूडान, सोमालिया, लीबिया, इथियोपिया जैसे कई देश आंतरिक हिंसा के चलते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें से अनेक देशों में हिंसा भड़काने में वहां की पूर्व औपनिवेशिक ताकतों ने भी भूमिका निभाई है। लीबिया कभी अपनी तेल संपदा के कारण बहुत समृद्ध था, जिसका लाभ पड़ोस के चाड व माली जैसे निर्धन देशों को भी मिल जाता था। पर लीबिया में गृहयुद्ध भड़कने के बाद इन पड़ोसी देशों में भी निर्धनता व भूख की समस्या बहुत बढ़ गई है। पैट्रिस लुमुम्बा जैसे अति लोकप्रिय नेता यदि अफ्रीका में भूख व गरीबी दूर करने का सपना साकार नहीं कर सके, तो इसका जिम्मेदार पश्चिमी देश व पूर्व औपनिवेशिक ताकतें रही हैं। एक समय था, जब मिस्र, सूडान व मोरक्को जैसे अफ्रीकी देश समृद्ध थे। अफ्रीका में मुख्य समस्याएं तब शुरू हुईं, जब बाहर से आए आक्रामक गोरे व्यापारियों ने कुछ स्थानीय स्वार्थी तत्वों की सहायता से पंद्रहवीं-सोलहवीं शताब्दी के आसपास गुलाम व्यापार आरंभ किया। इसमें बहुत हिंसा हुई व जिन अफ्रीकियों का अमेरिकी महाद्वीप में गुलामी के लिए अपहरण किया गया, उनमें से लाखों की मौत हो गई। इसके बाद औपनिवेशिक ताकतों की क्रूर हिंसा का क्रम आरंभ हो गया। 19वीं शताब्दी के अंतिम दिनों में यह अपने चरम पर पहुंचा, जब विभिन्न पश्चिमी ताकतों ने अफ्रीका को आपस में बांट लिया।



**यूक्रेन संकट में उपेक्षित अफ्रीका**

पश्चिमी देश आज भी खनिजों की लूट पर अधिक ध्यान देते हैं व जिन क्षेत्रों में इनका भरपूर दोहन हो चुका है, उसे उपेक्षित छोड़ देते हैं। बेशक वहां संयुक्त राष्ट्र व उसके खाद्य विकास कार्यक्रम की तरफ से खाद्य वितरण कार्यक्रम चल रहे हैं, पर इनसे अल्पकालीन राहत ही मिल सकती है। अफ्रीका को टिकाऊ व व्यापक विकास कार्यक्रम चाहिए, जिसके लिए जरूरी है कि अफ्रीकी लोगों के हितों के अनुकूल नीतियां बनें और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्याय मिले।

औपनिवेशिक ताकतों की एक नजर जहां अफ्रीका के मूल्यवान खनिजों पर थी, वहीं दूसरी नजर अपनी जरूरत के खाद्यों व कच्चे माल के उत्पादन के लिए वहां की धरती के उपयोग पर भी थी। उन्होंने अफ्रीकी संसाधनों का दोहन इस तरह से किया कि उसकी समृद्धि के आधार में जो परंपराओं का ताना-बाना था, वह टूटने लगा। वहां के परंपरागत ज्ञान में इस बात पर ध्यान दिया जाता था कि स्थानीय हित के लिहाज से संसाधनों का कम दोहन हो। जहां उपजाऊ भूमि व जल संसाधन अधिक थे, वहां नियमित खेती होती थी और विविध खाद्यों व फसलों को उगाने पर जोर दिया जाता था। वहां घुमंतू पशुपालक एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते थे, ताकि एक स्थान पर संसाधनों का अत्यधिक दोहन न हो। उनके मार्ग तय थे व उनका किसानों के साथ आपसी सहयोग एवं तालमेल था। पर औपनिवेशिक शासकों को इसकी कोई परवाह नहीं थी। उन्हें तो बस अपने स्वार्थ से मतलब था। नतीजतन अनुचित नीतियों के चलते अफ्रीका की परंपरागत व्यवस्थाएं छिन्न-भिन्न होने लगीं व अकाल तथा भूख का ऐसा दौर आरंभ हुआ, जो आज तक नहीं थमा है।

भारत डोगरा

## मिला जुला

# सेजेस देवगढ़ सीतापुर में लॉटरी प्रक्रिया से कक्षा पहली व आठवीं की रिक्त सीटों पर संपन्न हुई छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।






अपर कलेक्टर तनुजा सलाम की अध्यक्षता में डीएमसी प्रतिनिधिकरुणेश श्रीवास्तव जनपद अध्यक्ष शांति कुजूर विकास खंड शिक्षा अधिकारी सीतापुर मिथिलेश सिंह सिंगर बीआरसी रमेश सिंह संस्था के प्राचार्य सुनील कुमार गुप्ता जन्मेजय प्रभाकर सरपंच देवगढ़ सहित गणमान्य नागरिकों अभिभावकों एवं अभ्यर्थी छात्र.छात्राओं की उपस्थिति में लॉटरी निकाल कर कक्षा वार प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की गई द्यप्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रुप से संपन्न हुई। कक्षा पहली में कुल 50 सीटों में से 25 सीट बालकों से तथा 25 सीट बालिकाओं से भरे गए। कक्षा दूसरी में कुल 10 रिक्त सीटों में से 5 सीट बालिकाओं से तथा 5 सीट बालकों से भरे गए। कक्षा तीसरी में कुल 4 सीटों में दो बालिकाओं तथा दो बालकों का चयन किया गया। कक्षा चौथी में तीन रिक्त सीटों प्राप्त आवेदनों के आधार पर 2 सीटों में बालिकाओं का तथा 1 सीट में बालक का चयन किया गया। कक्षा छठवीं में कुल 4 रिक्त सीटों में दो बालक एवं दो बालिकाएं चयनित हुई। इसी प्रकार कक्षा सातवीं में मात्र एक सीट के लिए 15 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें बिना किसी वर्गीकरण के एक बालक का चयन किया गया। कक्षा आठवीं में तीन रिक्त सीटों के लिए एक बालिका तथा दो बालकों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में शत प्रतिशत सीटों के लिए अपर कलेक्टर तनुजा सलाम मैडम की उपस्थिति एवं अध्यक्षता में लाटरी पद्धति अपनाई गई एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के गाइड लाइन के अनुसार रिक्त सीटों का विभाजन कर छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

प्रवेश हेतु चयनित छात्र छात्राओं की सूची 25 मई प्रात: 11 बजे से विद्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है एवं चयनित छात्रों तथा अभिभावकों को सूचित किया गया है कि वे 30 मई तक समस्त आवश्यक दस्तावेज विद्यालय को प्रस्तुत कर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करावे उक्त तिथि तक प्रवेश ना ले सकने की स्थिति में उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से छात्रों को प्रवेश दिया जा सकेगा प्राचार्य महोदय ने बताया कि कक्षा नौवीं से 12वीं के छात्रों के प्रवेश चयन हेतु 25 मई को प्रात: 9 बजे से विद्यालय में प्रवेश चयन परीक्षा आयोजित की गई है। जिसमें प्रतिभागी छात्र अपने आवेदन पत्र की रसीद के साथ उपस्थित होकर प्रवेश परीक्षा में भाग लें प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर रिक्त सीटों में इन कक्षाओं में छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। आज लॉटरी द्वारा कक्षा एक से आठवीं में प्रवेश हेतु चयनित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं तथा आज के इस प्रवेश चयन कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन हेतु आदरणीय अपर कलेक्टर तथा समस्त विभागीय अधिकारी गण, विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों को कार्यक्रम के व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण समापन हेतु हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

# एक सूत्रीय मांग को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का धरना प्रदर्शन



जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

एक सूत्रीय मांग को लेकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मंगलवार को सुकमा बस स्टैण्ड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष रमानायक कर रहे थे धरना प्रदर्शन मे पीछड़ा वर्ग मोर्चा के अन्य पदाधिकारी व भाजपा पदाअधिकारी धनीराम बारसे, हुंगाराम मडकाम, खेमलाल सिंन्हा, विवेक यादव, विश्वराज सिंग, चौहान, दिलिप पेद्दी व अन्य मोर्चा के सदस्यगंण उपस्थित थे। विदित हो की ओबीसी छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग की काफी समय से मांग रही की छत्तीसगढ़, ओबीसी बाहुल्य राज्य है, पिछड़ा वर्ग समाज की अधिकांश आबादी के आय का स्त्रोत खेती-किसानी का कार्य सहित अपने पुश्तैनी कार्य और मजदूरी पर आधारित है, लेकिन दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग समाज 27 प्रतिशत आरक्षण से वंचित है। विधानसभा चुनाव के पूर्व तथा बाद में कांग्रेस सरकार ने इस प्रदेश की जनता से वादा किया था सरकार ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण करेगी, लेकिन साढ़े 3 साल बीत जाने के पश्चात् भी राज्य की सबसे बड़ी आबादी वाला ओबीसी वर्ग को इस आरक्षण से वंचित रखा गया है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला सुकमा द्वारा मांग करते हुए कहा समाज को उनका वास्तविक अधिकार प्रदान करते हुए ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण तत्काल लागू करे। एक सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दंडाधिकारी को ज्ञापन सौपा व अपनी मांग पूरी करने की अपील करते हुए कहा आने वाले वर्षों में चुनाव है और मोर्चा वादों को अच्छी तरह याद रखी है सरकार तत्काल अपना वादा निभाए।

# जल भराव की स्थिति से निपटने बारिश से पहले नालियों की हो रहीं सफाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



बारिश में जल भराव की स्थिति न हो उसके पहले शहर के मुख्य नालियों की सफाई तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को रायपुर रोड स्थित मुख्य नाले की सफाई का जायजा लेने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर पहुंचे थे। इस दौरान पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर को शहर भर मुख्य मार्ग पर स्थित सभी नाले की सफाई को द्रूतगति से करने के निर्देश दिया है। साथ ही यह भी कहा कि जिन छोटे बड़े नालियों के उप सेल्व कव्हर से ढ़का गया ऐसे सभी नालियों को पुन: चेक करें। कही किसी भी प्रकार से नालियां जाम नहीं होनी चाहिए।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में बांकी नदी पुनर्रोद्धार हेतु बैठक सम्पन्न

## कलेक्टर ने सभी वर्ग के लोगों से बढ़चढ कर सहयोग करने किया आग्रह

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



**बच्चों ने नदी के सफाई हेतु सहयोग के रूप किया अपना गुल्लक दान**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बांकी नदी पुनर्रोद्धार कार्य में जन सहयोग हेतु व्यापारी संघ एवं विभिन्न समाज प्रमुखों की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर अग्रवाल ने बांकी नदी पुनर्रोद्धार हेतु समाज के सभी वर्ग को अपना योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बांकी नदी को साफ रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। हम सभी के सामूहिक प्रयास से ही नदी का बहाव क्षेत्र सुधार हो सकेगा एवं इसके स्वरूप में निखार आएगी। कलेक्टर ने इस हेतु समाज के विभिन्न वर्गों, युवाओं, व्यापारियों, महिलाओं, ठेकेदारों को आगे बढ़कर इस कार्य में अपना योगदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर नगर के व्यापारी संघ, ठेकेदार संघ, बार संघ, कल्याण आश्रम, बालाजी समिति, संवेदना समिति, सजल महिला समिति, जयमंगल विश्वमंगल, नवीन जागरण सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि बांकी नदी में जलीय पौधे की सफाई, गाद निकासी, गहरीकरण कार्य करने की आवश्यकता है। इस हेतु सफ ाई कार्य निरंतर होते रहना आवश्यक है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में भी नदी की सफ ाई कार्य किए जाए। जिससे नदी के उद्गम स्थल से अंत तक जलस्तर में वृद्धि हो एवं नदी अपनी पुरानी स्वरूप में आ सके। उन्होंने जल संरक्षण के लिए नदी की सफ ाई एवं उसे स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। इस दौरान बांकी नदी की सफ ाई के लिए छोटे बच्चों ने भी आगे आकर अपना योगदान दिया। बच्चों ने अपने गुल्लक कलेक्टर अग्रवाल को सौंपकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। जिसमें 10 वर्षीय आमोद आनंद गुप्ताए 13 वर्षीय देवांश जैन, 10 साल के श्रेयांश जैन, 11 साल के सम्यक जैन एवं 12 वर्ष के सम्यक जैन शामिल है।

सभी बच्चों ने कलेक्टर से कहा कि उनके द्वारा बहुत समय से गुल्लक में पैसे जमा किए जा रहे थे। जिनसे वे अपनी पसंदीदा खिलौने खरीदने वाले थेए परंतु लोगों द्वारा बांकी नदी की सफ ाई के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रोत्साहित होकर उन्होंने अपना गुल्लक इस कार्य के लिए सौंपा है।

# सरकारी वाहने कंडम प्राइवेट वाहनों के किराये में लाखों रुपये फूंककर अपने अरमान पूरे किए जा रहे

## 14 करोड़ 34 लाख 12.हजार 06 सौ 35 रूपये राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ मिशन के तहत जारी किये थे

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।


राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ मिशन के अंर्तगत 14 करोड़ 34 लाख 12 हजार 06 सौ पैंतीस रुपए का लेखा-जोखा सहित कोविड.कॉल में जीवनदीप समिति को राज्य.व केंद्र सरकार द्वारा मिलाकर 22 लाख की राशि सरकारी वाहनों के कंडम होने के बाद दूसरी लहर से लेकर तीसरीलहर के आशंकाओं के बीच पूर्व व वर्तमान समय में सतत रूप से चलने वाली ट्रेवल्स की प्रायवेट वाहनों में लाखो रुपए का किराया स्वास्थ विभाग के मातहतों के द्वारा जो कि फूंक दिया गया। और वर्तमान में भी सतत रूप फूंका जा रहा है। इन वाहनों की सेवाएं.आमजनों के स्वास्थ.सेवाएं में कम अपने और अपने समकक्ष.मातहतों के सेवाए में ज्यादा उपयोग हो रहा हैं। राज्य सरकार द्वारा आमजनों के लिए प्रदान की जानी वाली राशि का आपसी बंदरबांट कैसे होता है। अगर ये देखना है। तो राज्य सरकार के वर्तमान मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के स्वास्थमंत्री स्वास्थ.सचिव को




बिलासपुर.सीएचएमओ.कार्यालय सहित कोटा.सीएचसी में तत्कालीन.सरकार के समय से लेकर वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सालों से अंगद की पैर की तरह जमे रेगुलर अधिकारी-कर्मचारी सहित खासकर कोटा.सीएचसी में मदाम संविदा.अधिकारी-कर्मचारीयो व अन्य मातहतों के संपति की जांच के लिए आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो सहित एंटी करप्शन ब्यूरो को जांच के लिए सौंप देना चाहिए जिसके बाद कौन.कौन बना है। करोड़पति की जानकारी बाहर निकल आएगी।

### सूचना के अधिकार से मिली जानकारी से हुआ पूरा खुलासा

कोटा सीएचसी के समस्त पीएचसी के जीवनदीप.समिति में कुल जमा.राशि है। कोटा सीएचसी में चल रहे ट्रेवल्स के प्रायवेट वाहनों के शासकीय कार्यो में कम व्यक्तिगत कार्यो के लाखों रुपए भुगतान की राशि शासन के मत्थे फ ोड़कर अपने-अपने अरमान पूरे किए जा रहे है कोविड कॉल में कोटा सीएचसी में सतत रूप से चलने वाली अरमान ट्रेवल्स की वाहन मेज क्रमांक सीजी 10 एजे 3122 16 जुलाई 2020 से लेकर 15 अक्टूबर.2020 तक लगभग 92 दिन




14030.किलोमीटर चली लॉगबुक के हिसाब से जिसका की प्रतिदिन 1496 के हिसाब से 9200धउ का 1,37,632 वही पर अतिरिक्त किलोमीटर चले 4830 का 8.75 की दर से 42,262 कुल राशि 1,79,894 वही पर अरमान ट्रेवल्स की दूसरी वाहन क्रमांक सीजी 10.एजे .0830 26.मई.2020 से 15.अक्टूबर.2020 लगभग 112.दिन 14300 का प्रतिदिन 1496 की दर से 2,13,928,00वही पर अतिरिक्त.किलोमीटर 2289 चले वाहन का 8.75 की दर से अतिरिक्त किराया 20028.75 कुल राशि 2,33,956 कुल मिलाकर दोनों वाहनों का 4.लाख 13.हजार 849 अरमान.ट्रेवल्स को भुगतान किया गया। मजेदार बात ये है कि बिल के आधार पर दोनों वाहने 30998.किलोमीटर चली है और इसी आधार पर भुगतान किया गया है। वही अगर हम लॉगबुक के आधार पर हिसाब लगाए तो कुल.11135 किलोमीटर दोनों वाहने चली है मतलब 19263..हवा में चला दी गई। आरटीआई से मिली जानकारी के बाद लगातार इस पूरे मामले की खबर का खुलासा होने के बाद सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली कि अरमान.ट्रेवल्स के चलने वाले कोविड.वाहनों के लॉगबुक में हस्ताक्षर टेंगनमाडा के स्वास्थ.कर्मी से कराया जाता रहा है। जो कि जानकारी मिलने के बाद उस स्वास्थ.कर्मी ने कोटा.सीएचसी में उपस्थित होकर इस बारे में आपत्ति दर्ज कराई साथ ही ट्रेवल्स.के संचालक पर कानूनी-कार्यवाही करने की बात कही गई।

### कोटा सीएचसी के तत्कालीन बीएमओ व वर्तमान बीएमओ कहिंन

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ.मिशन के तहत जारी करोड़ो रूपये कोविड के दौरान केंद्र सहित राज्य सरकार द्वारा लाखों रुपए जारी राशि के भी सदुपयोग कम दुरुपयोग संबंधित सवालों पर कोटा सीएचसी के तत्कालीन बीएमओ ने अपने हाथ खड़े कर लिए थे। वही पर वर्तमान में नवपदस्थ बीएमओ निखलेश गुप्ता ने इस बारे जानकारी नही होने की बात कहते हुए पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद जवाब देने की बात कही है। वैसे तो शासकीय नियमो के हिसाब से कोटा सीएचसी में बीएमओ का पद बड़ा होता है। इस बात की तस्दीक वर्तमान बीएमओ द्वारा कही गई। कि बीएमओ का पद बड़ा होता है। पर वर्तमान व पूर्व की स्थिति पर नजर डाले तो कोटा.सीएचसी में बीपीएम का पद ही बड़ा नजर आता है जबकि बीपीएम का पद संविदा है शासन को चाहिए कि बीपीएम के वर्तमान व पूर्व में किए गए बेहतर कार्यकुशलता.स्वास्थ.योजनाओं के सही तरीके से क्रियान्वन को देखते हुए बीएमओ के पद को संविदा करते हुए बीपीएम के पद को रेगुलर कर देना चाहिए।

## एक नजर

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टररितेश कुमार अग्रवाल ने जनदर्शन के माध्यम से ग्रामीण जनों से मुलाकात करके उनकी समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को राशन कार्ड, पेंशन प्रकरण, सीमांकन, बटांकन, नामांतरण एवं राजस्व से संबंधित अन्य प्रकरणों को गंभीरता लेते हुए समय-सीमा में निराकरण करने कहा। जनदर्शन में आर्थिक सहायता, वेतन भुगतान, रोजगार प्रदाय, मजदूरी भुगतान, पेंशन भुगतान, मुआवजा, बंटवारा,भूमि.विवाद, नामांतरण सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने अधिकारियों को जनदर्शन में पेंशन, राशन कार्ड, मजदूरी भुगतान, राजस्व संबंधी प्रकरणों का भी समय-सीमा में उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने और निराकरण करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत् 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें पानी में डूबने से दुलदुला तहसील के ग्राम दुलदुला निवासी छाया बाई वल्द मधुसूदन राम की मृत्यु 10 अप्रैल 2019 को हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पिता मधुसूदन राम हेतु 4 लाख तथा दुलदुला तहसील के ग्राम चराईडाड़ निवासी रूझो बाई की मृत्यु 16 अगस्त 2020 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतिका के पुत्र मनधर राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षकों की रिक्त पदों की भर्ती हेतु साक्षात्कार 26 से 29 मई तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी जे के प्रसाद की दिशा निर्देश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षकों की रिक्त पदों की भर्ती की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार माध्यम से शैक्षणिक योग्यता के कुल 90 प्रतिशत भारांश के आधार पर एकीकृत कुल पदों के 07 गुणांक अभ्यर्थियों का मेरिट क्रमानुसार दस्तावेज सत्यापन किया गया है। उन्होंने बताया कि दस्तावेज सत्यापन उपरांत एकीकृत कुल पदों के 05 गुणांक अभ्यर्थियों को मेरिट क्रम में साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। इस हेतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर में 26 से 29 मई 2022 को प्रात: 09.30 बजे से विभिन्न विषयवार साक्षात्कार की तिथि निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत 26 मई 2022 को विषय जीव विज्ञान के अंग्रेजी माध्यम, संस्कृत, वाणिज्य, भौतिकी, गणित विषय के अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम व रसायन, हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान विषय के व्याख्याता पदों पर साक्षात्कार लिया जाएगा। 27 मई 2022 को कंप्यूटर शिक्षक, ग्रंथपाल, सहायक शिक्षक-सामाजिक विज्ञान, शिक्षक विज्ञान,व्यायाम शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों का साक्षात्कार लिया जाएगा। इसी प्रकार 28 मई 2022 को सहायक शिक्षक विषय अंग्रेजी, गणित हिंदी माध्यम व गणित अंग्रेजी माध्यम तथा अंग्रेजी, गणित, सामान्य विज्ञान, संस्कृत, हिन्दी विषयों के शिक्षकों का साक्षात्कार 29 मई 2022 को सहायक शिक्षक विषय हिन्दी, जीव विज्ञान, प्रयोगशाला सहायक का साक्षात्कार लिया जाएगा।

# हर महीने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में होगा हेल्थ कैम्प-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समय सीमा की बैठक में बीते दिन हुए मेगा हेल्थ कैम्प की सफलता को देखते हुए जिले में हर महीने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में हेल्थ कैम्प का आयोजन करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की मौजूदगी में ग्रामीण जन को कैम्प के जरिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसे निरंतर जारी रखा जाएगा। आगामी 28 मई को केल्हारी में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायत को लोगों को पूर्व सूचना देकर जागरूक करने के निर्देश दिए हैं जिससे अधिक से अधिक लोग कैम्प का लाभ उठा सकें।

### 12 से 14 साल के बच्चों के लिए स्कूलों में वैक्सीनेशन कैम्प के निर्देश

कलेक्टर शर्मा ने बैठक में सीएमएचओ को निर्देश दिए कि 12 से 14 साल के बच्चों के लिए स्कूलों में कोविड वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन कर वैक्सीनशन पूर्ण कराएं। बच्चों के वैक्सीनशन के लिए जिले के सभी 414 स्कूलों में कैम्प की कार्ययोजना तैयार कर टीकाकरण किया जाएगा।

### विभिन्न शिविरों से मिले आवेदनों के शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने बैठक में सभी एसडीएम एवं सीईओ जनपद पंचायत से चर्चा करते हुए उन्हें निर्देशित किया कि जनचौपाल, विभिन्न शिविरों एवं विकासखंड भ्रमण के दौरान आमजनों से मिले सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें।

# कुनकुरी, पत्थलगांव और मनोरा विकासखंड में मीटर रीडिंग करने वाले युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विद्युत विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में लोगों की बिजली संबंधित समस्याओं का निराकरण करने के लिए शिविर लगाया जा रहा है। साथ ही उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है। जिन लोगों की अधिक बिजली बिल की शिकायत है या हवा पानी के कारण तार गिरने, ट्रांसफ ार्मर जलने सहित अन्य बिजली संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा रहा हैं। विभाग द्वारा कुनकुरी, पत्थलगांव और मनोरा विकासखण्ड में मीटर रीडिंग करने वाले युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैए ताकि हितग्राहियों का सही मीटर रीडिंग करके बिजली बिल दिया जा सके।



# हॉस्पिटल वाली गाड़ी का मिल रहा लाभ, शिवदयाल की समस्या का हुआ समाधान गुलबसिया को शुगर एवं बीपी से मिली राहत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

जिले के ग्रामीण अंचलों के लोगों तक हाट बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचायी जा रही हैं। स्थानीय हाट बाजारों में जरूरतमंदों को एमएमयू वाहन के द्वारा इलाज एवं जांच के साथ-साथ नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध हो रहीं हैं। विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम शिवपुर के साप्ताहिक हाट बाजार में कुछ महीनों से चक्कर एवं बदन दर्द की समस्या लेकर पहुंचे 47 वर्षीय शिवदयाल कुर्रे ने बताया कि हाट बाजार में बीपी तथा शुगर की प्रारंभिक जांच की गई तथा



नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध करायी गई। नियमित उपचार एवं दवाइयों के सेवन से अब मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं। इसी प्रकार इलाज के लिए आयी 55 वर्षीय गुलबसिया ने बताया कि मुझे 15-20 दिनों से लगातार दोनो पैरों में जलन व दर्द होता था। हाट बाजार क्लीनिक के बारे में पता चलने पर मैंने जांच करवायी। चिकित्सकों द्वारा शुगर और बीपी जांच किया गया तथा खान-पान संबंधित सलाह भी दी गई। मैं अब निरंतर यहां से दवाइयां ले रही हूं, जिससे बीपी सामान्य एवं शुगर पहले से कंट्रोल में है तथा जलन एवं दर्द भी ठीक हुआ है।

259 हाट बाजार क्लिनिक में 17 हजार से अधिक को मिला इलाज एवं दवाइयां 05 को रेफर किया जिला अस्पताल

जिले में हाट बाजार क्लिनिक के माध्यम से 1 अप्रैल से 22 मई 2022 तक कुल 17 हजार 252 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया तथा 17 हजार 255 को नि:शुल्क दवाइयों का लाभ मिला। वहीं 05 जरूरतमंदों को इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस समयावधि में 259 साप्ताहिक हाट बाजारों में एमएमयू वाहन पहुंचे, प्रति हाट बाजार लगभग 70 के औसत दर से मरीजो का इलाज हुआ। सभी विकासखण्डों में 05 डेडिकेटेड वाहनों के माध्यम से स्वास्थ्य टीमों ने साप्ताहिक हाट बाजारों में पहुंचकर हितग्राहियों का उपचार किया।

# सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखते हैं देश के मुखिया मोदी-चुन्नीलाल



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

तुमगांव क्षेत्र के ग्राम अमलोर में 10 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद चुन्नीलाल साहू उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत तुम गांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने की विशेष अतिथि के रुप में भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल जनपद सदस्य अजय मंगल ध्रुव व ग्राम पंचायत की सरपंच रूपा जयप्रकाश यादव उपस्थित थी। ज्ञातव्य है उक्त सामुदायिक भवन का निर्माण सांसद निधि मद से होगा। आज मंगलवार को हुए भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद साहू ने प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा किए केंद्र की मोदी सरकार गांव के गरीब जनता की हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। वे निरंतर उन्हें लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सभी सांसद भी अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य में जुटे हुए है। उनके लिए परिवार व समाज से बड़ा देश है। वर्तमान केंद्र सरकार ने देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रत्येक वर्ग के लोगो को मूलभूत सुविधाओं की चिंता हमारे देश के मुखिया को है और आज लगातार देश शीर्ष ऊंचाईयों को प्राप्त कर रहा है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रमुख रामप्रसाद ध्रुव,बाबूराम ध्रुव, सुखीराम हिरवानी,दुलरुवा धीवर,डॉ. सोहन साहू ,दिलीप ध्रुव ओसराम ध्रुव, ललित मानिकपुरी,नेमीचंद जायसवाल, भगत ध्रुव, गैंद राम यादव,दशरथ महोबिया मनोहर पटेल,बृजमोहन, सहित ग्राम अमलोर के आम जन ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


# 8 सूत्रीय मांगों को लेकर पुनः भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी ने मनेंद्रगढ़ विधायक के नाम सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

हम आपको बता दें कि भाजपा मंडल मनेंद्रगढ़ के तेजतर्रार मंडल मीडिया प्रभारी यीशै दास के द्वारा आज 24 मई 22 को मनेंद्रगढ़ विधायक राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मान डॉ विनय जयसवाल के नाम से उनके कार्यालय प्रभारी तथा सोशल मीडिया प्रभारी रविंद्र सोनी के हाथों ज्ञापन प्रेषित किया गया है तथा मंडल मीडिया प्रभारी द्वारा मीडिया को यह भी जानकारी दिया गया कि मेरे द्वारा पूर्व में भी पृथक-पृथक पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनेंद्रगढ़ के नाम से ज्ञापन दिया जा चुका है बावजूद उनका इस ओर कोई ध्यान न होने की वजह से मजबूर पास हो मेरे द्वारा विधायक के नाम से ज्ञापन सौंपा गया है उक्त मांगे निम्न प्रकार से है जैसे वर्तमान समय पर नौतपा की भीषण गर्मी पड़ने वाली है एवं जल्द ही बरसात का मौसम भी आने वाला है यात्री प्रतीक्षालय न होने की वजह से विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए राहगीरों को मजबूर बस हो अपने साधन



हेतु सड़क किनारे ही खड़ा रहना पड़ता है उक्त वजह से उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा आम जनमानस की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए मनेंद्रगढ़ के मौहरपारा गोपाल शीत गृह के समीप यात्री प्रतिक्षालय बनवाए जाने की महान कृपा करें जिससे आने जाने वाले मुसाफिरों को धूप तथा बारिश से राहत मिल सके मनेंद्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 में खुली नाली में चिप पत्थर नहीं होने तथा उक्त नाली को उचित साफ-सफाई व्यवस्था न होने की वजह से वार्ड वासी गंदगी में रहने को मजबूर है उक्त नाली की साफ -सफ ाई व्यवस्था बरसात पूर्व



सुनिश्चित करवाए जाने एवं खुली नाली में चिप पत्थर लगवाए जाने की महान कृपा करें जिससे वार्ड वासियों को शुद्ध वातावरण मिल सके। मनेंद्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 16 में निवासरत वार्ड वासियों को काफ ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है चुकी इसलिए ऐसा कहना पड़ रहा है कि वार्ड में मात्र एक ही लाइट पोल है जिससे वार्ड में निवासरत वार्ड वासियों को उचित विद्युत व्यवस्था न मिलने की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है पूर्व में भी वार्ड वासियों द्वारा ज्ञापन दिया गया था परंतु आज दिनांक तक उक्त वार्ड वासियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है अत: आपसे निवेदन है कि जल्द से जल्द एक और विद्युत पोल लगवाए जाने की महान कृपा करें जिससे कि वार्ड वासियों को उचित विद्युत व्यवस्था मिल सके। वार्ड क्रमांक 16 में नाली मे चीप पत्थर नहीं है तथा नाली भी आधा अधूरा छोड़ दिया गया है एवं जिस तरीके से साफ -सफ ाई व्यवस्था कराई जानी चाहिए उस तरीके से नहीं कराई जा रही है जिससे घरों से निकलने वाला पानी एक जगह पर एकत्रित हो गंदगी का रूप ले चुका है जिसमें मच्छर मक्खी इत्यादि भी पनप चुके हैं जिससे आने वाले समय पर कई गंभीर बीमारियां भी उत्पन्न हो सकती है कृपया उक्त विषयों को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द उक्त समस्याओं का निराकरण कराए जाने की कृपा करें। मनेंद्रगढ़ मौहरपारा रेलवे फटक से लेकर गोपाल शीत गृह तिराहा तक एक भी सार्वजनिक प्रसाधन नहीं है जिस वजह से असामाजिक तत्वों के द्वारा खुली सड़क पर ही आजारकता फैलाया जाता है जिससे राहगीरों सहित महिलाओं एवं बच्चों पर गलत प्रभाव भी पड़ता है कृपया आप से अनुरोध है कि जल्द से जल्द सार्वजनिक प्रसाधन बनवाए जाने की कृपा करें। मनेंद्रगढ़ मौहारपारा वार्ड क्रमांक 4 विश्वकर्मा फैब्रिकेटर के सामने स्थित बोरिंग है जो वर्तमान समय पर पूरी तरह से बंद हो चुकी है जिसका लाभ वार्ड वासियों को नहीं मिल पा रहा है अत: आपसे अनुरोध है कि जल्द से जल्द उक्त बोरिंग की मरम्मत कार्य करवाये जाने की महान कृपा करें जिससे वार्ड वासियों को पीने हेतु शुद्ध पानी आसानी से मिल सके। मनेंद्रगढ़ मौहारपारा वार्ड क्रमांक 5 में स्थित कोरिया नीर जो छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत आता है जो आज वर्षों से आज दिनांक तक बंद पड़ा हुआ है उक्त वजह से वार्ड वासियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है अत: आपसे विनम्र निवेदन है कि जल्द से जल्द उक्त आर ओ वाटर सेंटर को सुचारु रुप से खुलवाए जाने की महान कृपा करें।

# किसान ने तीन पुलिस पर लगाया था गंभीर झूठे आरोप

## करेला लूटने में लगे थे लोग पुलिस ने बिगाड़ा लूट होने का खेल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**रक्षक को बनाया गया भक्षक एक किसान युवक ने नवागढ़ थाने के तीन पुलिस आरक्षक के खिलाफ पीटाई करने व झूठे केस में फ ंसाने की पुलिस अधीक्षक से की थी लिखित शिकायत करेला लूटने में लगे थे लोग पुलिस ने बिगाड़ा लूट होने का खेल पूरा मामला बेमेतरा जिले के नवागढ़ थाना अंतर्गत का है।**





पीड़ित सेवक राम पटेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना अंतर्गत आने वाला ग्राम झाल के समीप में खड़ी करेले से लदी पिकप वाहन को बोर वाहन ने मारी जबरदस्त ठोकर ठोकर में एक युवक हुआ घायल वहीं राहगीरों ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायल ड्राइवर के साथी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया था। सुबह ड्राइवर सेवक राम पटेल नवागढ़ थाना पहुंचकर एक्सीडेंट होने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रविवार 22 मई की रात तकरीबन 01 बजे के आस पास मुंगेली से नवागढ़ मेन रोड ग्राम नवलपुर मोर ग्राम गाढ़ा मोर के पास पहुंचे थे कि नवागढ़ के ओर से बोर गाड़ी हमारी पिकअप वाहन को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरे साथी गंगादीन पटेल को चोट आया और मेरे पिकप वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसमें करेला सब्जी 23 क्विंटल प्लास्टिक के कैरेट में था। जिसे मैं भाटापारा मंडी बेचने के लिए ले जा रहा था कीमत तकरीबन 51 हजार रुपए का समान था रिपोर्ट लिखाने के बाद जैसे ही वापस अपने वाहन के पास आया तो देखा कि राकेश साहू और कुछ लोग करेला लूटने में लगे थे और वही राकेश साहू द्वारा अन्य लोगों को बोला जा रहा था की फ्री में लूटो करेला कहकर चीख-चीख कर सब को भड़का रहा था।

### मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगाड़ा लूट मारी का खेल

वही जब नावागढ़ थाना से तीन पुलिस वाले हेमप्रसाद साहू और उनके दो और साथी आए जिन्होंने भी राकेश साहू को मना किया की एक गरीब का सामान ऐसे कैसे लेजा सकते हो उतने में ही युवक राकेश पुलिस वालों पर आक्रोश हो गया और सब्जी लेकर भागने लगा पुलिस ने पीछा कर करेले का कैरेट युवक के हाथों से छिना उतने में ही युवक पुलिस वालों पर अश्लील शब्दों का उपयोग करने लगा। आरक्षक हेमप्रसाद साहू ने पास मे पड़े मामूली लकड़ी से एक दोबार सिर्फ डराने के लिए मारा उसके बाद युवक वहां से भाग गया। कुछ घंटो बाद राकेश पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर तीन आरक्षक के खिलाफ झूठी शिकायत पत्र के साथ अपने शरीर में लगे घाव का फोटो संलग्न पेश किया।

दूसरे दिन मगलवार 24 मई को पीड़िता वाहन मालिक ने भी न्याय की गुहार लगाने एसपी कार्यालय पहुंचे जहां पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह को राकेश साहू के द्वारा वाहन से सब्जी लूट करने एवं लोगों को सब्जी ले जाने के लिए भड़काने का साथ ही जांच कर उचित कार्यवाही कर मुआवजे दिलाने की मांग की है!

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक शराब के नशे में अपने शरीर को स्वयं चोट पहुंचाया है!

पिकप वाहन मालिक ने राकेश साहू और जो लूट में शामिल है उनके खिलाफ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर मुआवजे की मांग की है।

** मंगलवार को एक पीड़ित सेवक राम पटेल वाहन मालिक के द्वारा शिकायत पत्र मिला जिसमें राकेश साहू पिकअप वाहन से करेला का कैरेट लेजा रहा था और राहगीरों को भड़का रहा था के फ्री का माल है करेला ले जाओ जितना ले जाना है।*

***डीएसपी राज कुमार बर्मन***

### एक और झूठी शिकायत मिला

सोमवार को नवागढ़ के समीप एक गांव से साहू शिकायत लेकर आया हुआ था। जिसका घटनास्थल में खेत है और उस जगह में पिकअप वाहन पलट गई थी जिससे करेला बिखरा हुआ था। जिसे राहगीर लूटकर ले जान में लगे हुए थे जिसे वह राहगीरों को ल जाने में मना कर रहा था जिसक बावजूद सब्जी ले गए।

**जैसे ही करेले का कैरेट मैं वाहन में रखने वाला था तब नवागढ़ थाने से तीन पुलिस आए और मुझे बेरहमी से मारपीट करने लगा जिसकी झूठी शिकायत पत्र मुझे प्राप्त हुई थी। इस मामले पर जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।**

## एक नजर

### पुलिस का धावा, सवा नौ क्विंटल चोरी के कबाड़ सहित दो लोग सपड़ाये


जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले की सरायपाली पुलिस द्वारा 2 जगहों पर छापा मारकर सवा 9 क्विंटल चोरी का कबाड़ सामान बरामद करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली के थाना प्रभारी आशीष वासनिक और साइबर सेल के प्रभारी संजय सिंह राजपूत को मुखबिरों द्वारा सराईपाली में बाजार पारा निवासी शेख रिजवान और पदमपुर रोड अर्जुंदा निवासी जय कुमार साहू के गोदामों में अवैध रूप से चोरी का कबाड़ रखे होने की जानकारी दी गई थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शेख रिजवान की गोदाम में दबिश दी तो, वहां से 480 किलो वजनी अवैध लोहे का कबाड़ सामान, पुरानी कार की साइड गेट, मोटर सायकल रिंग की इंजन कीमती 12 हजार तथा जय कुमार साहू के पास से 440 किलो वजनी अवैध लोहे का कबाड़, पुरानी साइकिल, टायर एवं पुराना साइलेंसर कीमती 11,000 जप्त कर हिरासत में लिए गए आरोपी द्वय के विरुद्ध भादवि की धारा 41 ;14, और 379 के तहत कार्यवाही की गई है। छापामार कार्यवाही में एएसआई सोनचंद डहरिया, प्रधान आरक्षक सुखलाल भोई, आरक्षक योगेंद्र बंजारे , कमल जांगड़े और साइबर स्टाफ शामिल थे।

### सीतापुर कालेज के नीलेश बनवाशी रासेयो स्वयंसेवक का राष्ट्रीय एकता शिविर रायपुर के लिए चयन

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अम्बिकापुर सरगुजा के अंतर्गत नीलेश कुमार बनवशी स्वयंसेवकोंशासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सीतापुर ने रामचंद्र मिशन आश्रम परिसर अमलेश्वर रायपुर में भाग लिया। पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता शिविर 21 मई 2022 से 27मई2022 तक आयोजित हो रही है। इस शिविर में भारत के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए हैं। शिविर के दौरान यह स्वयंसेवक अपनी कला संस्कृति एवं विचारों का आदान प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय एकता शिविर का शुभारंभ 21 मई 2022 को मुख्य अतिथि अनुसुईया उइके राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन एएएस कबीर, क्षेत्रीय निदेशक मध्य प्रदेश .छत्तीसगढ़ रासेयो, राज्य संपर्क अधिकारी रासेयो डॉ समरेंद्र सिंह, प्रोफेसर केशरी लाल वर्मा, कुलपति पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर और पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक सुश्री नीता बाजपेयी ने इस शिविर में भाग लेंगे। राष्ट्रीय एकता शिविर में सम्मिलित स्वयंसेवको को संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के रासेयो समन्वयक डॉ. एस एन पांडेय, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शशिमा कुजूर एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित कुमार बरगाह ने शुभकामनाएं दी।

### ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 कर दिया गया है

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले के पंजीकृत समस्त किसानों का ई-केवाईसी कराने का अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 कर दिया गया है। 24 मई 2022 तक की स्थिति में पीएम किसान पोर्टल में कुल आधार ऑथेंटिकेटेड 90876 हितग्राही के विरुद्ध 43098 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण हुआ है तथा 47778 हितग्राहियों का ई.केवाईसी लंबित है। जिले के समस्त शेष पंजीकृत कृषकों से 31 जुलाई 2022 से पूर्व स्वयं पीएमकिसान पोर्टल पर जाकर मोबाईल ओटीपी ऑथेंटिकेशन के जरिए या अपने नजदीकी सी एससी केन्द्रों से संपर्क कर बायोमेट्रिक के जरिये ई.केवाईसी कराने की अपील की गई है। योजनांतर्गत पेमेंट मोड को बैंक खाता से बदल कर आधार नंबर के आधार पर किया गया है। अपने बैंक खाता को आधार नंबर से भी लिंक करावें।


# जनपद पंचायत महासमुंद में मिली भगत का खेल 15वें वित्त के 39 लाख रूपयें में सेंधमारी

## दिग्विजय ने कलेक्टर से की जांच कार्यवाही की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**15 वें वित मद की राशि के लिये ग्राम पंचायतों को कार्य एजेंसी बनाये जाने के बाद भी जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा मिली भगत कर उक्त मद की राशि को सीधे फर्मो को भुगतान किया जा रहा है।**



जनपद सदस्यों द्वारा इसे लेकर सामान्य सभा की बैठक में आपत्ति किये जाने के बाद भी आज तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा न ही कोई नोटिस जारी किया गया है और न ही कोई कार्यवाही की जा रही है। स्पष्ट है किए जनपद पंचायत एवं समृद्धि शर्मा द्वारा कार्य एजेंसी को भुगतान न कर किसी अज्ञात राधे इंटरप्राईजेस को सीधे भुगतान किया गया है जबकि पंचायत अधिनियम के आधार पर कार्य एजेंसी को ही पैसा देना है। जनपद पंचायत के कृषि स्थायी समिति के सभापति दिग्विजय साहू ने आज 23 मई को कलेक्टर को मांग पत्र सौपकर जांच एवं कार्यवाही की मांग की है। दिग्विजय साहू का कहना है किए ओपन जिम के नाम पर भी जनपद पंचायत ने 10 लाख की सामग्री खरीदना बताया गया है। जबकि खरीदी गई सामग्री 2 लाख रूपये से भी कम की है। इस तरह अधिकारियों की मिली भगत से कुल 39 लाख रूपयों की लेखा प्रविष्ठि में जमकर धांधली की गई है। जिसकी निष्पक्ष जांच और सख्त कार्यवाही जरूरी है।

# कोबरा 206 वाहिनी की डी कंपनी के जवानों ने 5 किलो आईईडी किया निष्क्रिय



जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम एलमागुंडा व मिनपा के जंगल की ओर सर्चिंग पर निकली कोबरा 206 वाहिनी की डी कंपनी के जवानों ने 5 किलो का आईईडी बरामद किया। वहीं नक्सलियों द्वारा लगाए गए 5 किलो की आईईडी बरामद कर बीडीएस की टीम ने मौके पर निष्क्रिय किया। मिली जानकारी के अनुसार कोबरा 206 वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अनिल कुमार, डिप्टी कमांडेंट प्रशांत राय और सौरभ यादव के नेतृत्व में सर्चिंग टीम निकली थी।

# एलसीआईटी की खिलाड़ी शिवांगी आचार्य ने जीती ओपन शतरंज प्रतियोगिता

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कामर्स एंड साइंस बोदरी बिलासपुर के होनहार शतरंज खिलाड़ी शिवांगी ने अपने वर्ग में विजेता होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है इस संबंध में जानकारी देते महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि राम कुमार तिवारी मेमोरियल सिनियर ओपन चेस चैंपियनशिप का आयोजन 22 मई 2022 को पूर्व शतरंज खेल अध्यक्ष राम कुमार तिवारी की स्मृति में नवयुवक वैश्व समाज भवन करबला रोड बिलासपुर में किया गया था। जिसमे एलसीआईटी महाविद्यालय की होनहार चेस खिलाड़ी शिवांगी आचार्य ने महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर बेस्ट वोमेन्स का खिताब जीता इनके खिताब जीतने पर महाविद्यालय संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन,उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, टी एस चैयरमेन उपकार राय, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला,उप प्राचार्य अभिनव पाल,इंजीनियरिंग विभाग प्राचार्य डॉ.श्रुति राठौर, उप प्राचार्य सुभी श्रीवास्तव,लॉ विभाग प्रमुख अभिनव प्रदान,साइंस विभाग प्रमुख अभिषेक केशरवानी, कला विभाग प्रमुख उमेश पटनायक, शैलजा रेड्डी,संजय एवं नीरज सोनी आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# जनचौपाल के दौरान कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, मिले 29 आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



24 मई को आम जनता से साप्ताहिक भेंट मुलाकात के कार्यक्रम जनचौपाल के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 29 आवेदन प्रस्तुत किये। जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों में निराश्रित पेंशन दिलाने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाये जाने, पारिश्रमिक भुगतान राशि प्रदाय करने, आंगनबड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति कराने, विधवा पेंशन प्रदान कराने, ग्राम पंचायत जंगलपुर के पंचायत सचिव को हटाने, अतिक्रमण हटाये जाने, ग्राम पंचायत खुड़मुड़ा में जल जीवन मिशन अन्तर्गत पानी टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन बिछाने के संबंध में, ग्राम पंचायत सिंघौरी के आश्रित ग्राम सिरसा में स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत शौचालय दिलाने, ओलावृष्टि से हुई क्षतिपूर्ति की बीमा राशि दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिलाधीश ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि समय सीमा पर लोगों की समस्याओं का निराकरण करें, जिन समस्याओं का निराकरण प्रशासन स्तर से संभव है उन्हें प्रशासनिक स्तर पर तथा जिन समस्याओं के निराकरण में राज्य शासन द्वारा मार्गदर्शन की जरूरत है वहां पर राज्य शासन से मार्गदर्शन लेकर समस्याएं हल कराएं। कलेक्टर ने कहा कि जिन मामलों में आवेदनों का निराकरण नियमानुसार संभव नहीं है उस पर आवेदक को सूचना दी जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गेश कुमार वर्मा, नवागढ़ प्रवीण तिवारी, साजा धनराज मरकाम, नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भूपेश बहानेबाजी छोड़ सीधे-सीधे बतायें जनता को राहत देंगे कि नहीं-श्याम बिहारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

**भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्यामबिहारी जायसवाल ने केंद्र सरकार द्वारा डीजल पेट्रोल में जनता को बड़ी राहत देने के बाद अन्य राज्यों द्वारा भी राहत देने के बावजूद छत्तीसगढ़ में कोई पहल न होने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए इसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की हठधर्मी और जनविरोधी मानसिकता बताया है।**



प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष श्यामबिहारी जायसवाल ने कई राज्यों का हवाला देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य की जनता को राहत देने की बजाय अव्यावहारिक दलीलें देकर टालमटोल कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता को राहत देने से भाग रहे हैं। तरह तरह की बहानेबाजी और पैंतरेबाजी दिखा रहे हैं लेकिन यह चलने वाली नहीं है। भाजपा जनआंदोलन करके भूपेश बघेल सरकार को जनता के सामने समर्पण करने मजबूर करेगी। भूपेश बघेल को हर हाल में पेट्रोल डीजल में टैक्स कम करना ही होगा। भूपेश बघेल बतायें कि टैक्स कम करेंगे कि नहीं। भाजपा इस अन्यायी सरकार के खिलाफ सड़क पर संघर्ष करने पूरी तरह तैयार है। जायसवाल ने कहा कि कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद केवल छह माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पेट्रोल के दाम में लगभग 20 रुपये प्रति लीटर की कमी की है लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य की कांग्रेस सरकार ने जनता को धोखा देते हुए मात्र 78 पैसे की छूट दी है। कांग्रेस सरकार जनता से लूट में भरोसा करती है, जनता को छूट में नहीं।

उन्होंने आगे कहा कि गैर भाजपा शासित राज्य भाजपा शासित प्रदेशों के मुकाबले दोगुना वैट वसूल कर जनता को लूट रहे हैं। भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड में 14.51 रुपये, उत्तर प्रदेश में 16.50 रुपये, गुजरात में 16.56 रुपये, हिमाचल में 16.60 रुपये, असम में 17.38 रु प्रति लीटर वैट लिया जा रहा है। इसके मुकाबले कांग्रेस शासित व अन्य गैर भाजपा शासित राज्य जैसे महाराष्ट्र में 30 रुपये, आंध्र प्रदेश में 32.59 रुपये, राजस्थान में 27.30 रुपये, केरल में 27.24 रुपये, छत्तीसगढ़ में 23 रुपये वैट वसूला जा रहा है। मध्यप्रदेश में नवंबर में 07 रुपये की राहत दी गई जबकि छत्तीसगढ़ में 78 पैसे रो धोकर कम किये गए थे और दरियादिली का ढोल पीटा गया था। जायसवाल ने सवाल किया है कि जब भाजपा शासित प्रदेश टैक्स कम कर सकते हैं। तो जनता को राहत देने के लिए गैर भाजपा शासित राज्य ऐसा क्यों नहीं कर रहे। स्पष्ट है कि कांग्रेस सहित अन्य ऐसी राज्य सरकारें जनता को लूट रही हैं।

# जूनियर एनटीआर की नई फिल्म के लिए अभिनेत्री की तलाश जारी



साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म एनटीआर 30 से फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी हो गया है। अब इस फिल्म की कहानी, कलाकार और दूसरी अन्य चीजों को लेकर चर्चाएं जारी हैं क्योंकि अभी कोई भी अंतिम पुष्टि नहीं हुई है। बहुत सारे नाम सुनने के बाद, अभिनेता के प्रशंसकों ने मान लिया कि निर्देशक कोराताला शिवा एनटीआर के जन्मदिन 20 मई को सब कुछ प्रकट करेंगे। हालांकि, ऐसा कुछ भी सामने नहीं आया है, जिससे प्रशंसकों को निराशा हुई है। फिल्म में एक्ट्रेस के नाम को लेकर आलिया भट्ट का भी नाम सामने आया है परंतु इस बात को लेकर आलिया के तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई। गौरतलब है इससे पहले आरआरआर में आलिया और एनटीआर साथ में काम कर चुके हैं।

निमार्ता अनिश्चित हैं कि क्या गंगूबाई काठियावाड़ी की अभिनेत्री आलिया अभी भी जूनियर एनटीआर के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए उपलब्ध है, क्योंकि एक्ट्रेस ने रणबीर कपूर से शादी के बाद एक संक्षिप्त ब्रेक लिया है।

# बिंधु माधवी बनी बिग बॉस नॉन स्टॉप जीतने वाली पहली महिला

तेलुगु रियलिटी शो बिग बॉस के ओटीटी संस्करण को जीतने वाली पहली महिला बनी बिंधु माधवी। बिंधु माधवी ने इस सीजन का खिताब अपने नाम कर लिया है। शो में सात फाइनलिस्ट थे, साथ ही होस्ट सुपरस्टार नागार्जुन भी थे। फाइनल के पहले दौर में बाबा भास्कर और अनिल राठौड़ के बाहर होने के बाद शीर्ष पांच प्रतियोगी बचे थे। मित्रव शर्मा पांचवें स्थान पर रही, जबकि एरियाना चौथे स्थान पर रही। एरियाना ने दस लाख रुपये का सूटकेस लिया क्योंकि वह जानती थी कि उसके खिताब जीतने की संभावना कम है। दूसरी ओर, शिव तीसरे सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार थे, और नागार्जुन ने उन्हें एक और दिलचस्प प्रस्ताव दिया। नागार्जुन के अनुसार शिवा को बिग बॉस तेलुगु के आगामी सीजन में बिग बॉस तेलुगु 6 डब किया जा सकता है।

# हिना खान ने बॉडीकॉन ड्रेस में फ्लॉन्ट किया फिगर, चौथे लुक ने आते ही मचा दिया कहर

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों कांस फिल्म फेस्टिवल 2022 में खूब धूम मचा रही हैं। हिना खान आए दिन कांस से जुड़े अपने एक से एक लुक्स शेयर कर रही हैं, जिसने फैंस को भी उनका दीवाना बना दिया है।



हाल ही में हिना खान ने कांस फिल्म फेस्टिवल 2022 से जुड़ा चौथा लुक शेयर किया है, जिसमें हिना खान के स्टाइल से लेकर उनके अंदाज तक ने कहर ढा दिया है। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रही हैं।

हिना खान ने चौथे लुक के लिए येलो रंग का बॉडीकॉन गाउन पहना, जिसमें एक्ट्रेस का स्टाइल वाकई में कमाल का लगा। हिना खान का बॉडीकॉन ड्रैस में ऐसा ग्लैमरस स्टाइल देखने को मिला कि उनके आगे बाकी सबकुछ फीका-फीका नजर आया। हिना खान की इन फोटोज ने सोशल मीडिया पर भी बवाल मचाकर रख दिया है। उनकी इन फोटोज को लेकर फैंस भी एक्साइटेड नजर आए। हिना खान की इन तस्वीरों पर प्यार लुटाने में फैंस ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। एक फैन ने हिना की तारीफ करते हुए लिखा, 卐हिना आप आग हो卐 तो वहीं दूसरे फैन ने उनके लुक्स को किलर बताया।

# अदिति पोहनकर शी के दूसरे सीजन के लिए तैयार

इम्तियाज अली की सीरीज शी का दूसरा सीजन 17 जून से वापसी के लिए तैयार है। वेब सीरीज की हेडलाइनिंग करते हुए, अदिति पोहनकर सीजन 2 के बारे में जानकारी देती हैं और बताती हैं कि वह इस किरदार से कैसे जुड़ी हैं। हम शी को वापस लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट रहा है, जिसे हमने लगभग दो साल से अपने दिल के करीब रखा है।



नेटफ्लिक्स इंडिया ने शी सीजन 2 का फर्स्ट लुक जारी किया। नायक भूमिका (आदिति पोहनकर) के चरित्र में विरोधाभासों को दर्शाती है।

अदिति कहती हैं- व्यक्तिगत रूप से, मैं उन पात्रों से बहुत अधिक संबंधित हूं जो अपनी कमजोरियों से निपट रहे हैं। इसे ऑन-स्क्रीन व्यक्त करने में सक्षम होना अद्भुत है। मुझे लगता है कि भेद्यता आपको अधिक भरोसेमंद बनाती है और दर्शकों को आपके चरित्र से अधिक गहराई से जोड़ती है।

क्राइम थ्रिलर सीरीज में किशोर कुमार जी, विश्वास किनी, शिवानी रांगोले , सैम मोहन, सुहिता थात्ते भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

इम्तियाज अली के लिखित और निर्मित, सीजन 2 के सात एपिसोड आरिफ अली ने निर्देशित और वायकॉम 18 स्टूडियोज के टिपिंग प्वाइंट और विंडो सीट फिल्म्स के तहत निर्मित हैं।

# वरुण-कियारा की फिल्म को मिला जुग जुग जियो का आशीर्वाद, लोगों को पसंद आया ट्रेलर



वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर की फिल्म जुग जुग जियो का ट्रेलर रविवार यानी 22 मई को रिलीज हो गया है। फिल्म के ट्रेलर को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म के ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसमें भरपूर कॉमेडी के साथ इमोशन भी है। फिल्म जुग जुग जियो का ट्रेलर सामने आने के बाद लोगों ने ट्विटर पर रिएक्शन देना शुरू कर दिया है।

राज मेहता के डायरेक्शन बनी फिल्म जुग जुग जियो का 24 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में वरुण धवन और कियारा आडवाणी ने पति-पत्नी का रोल किया है। वहीं, अनिल कपूर और नीतू कपूर ने वरुण धवन के माता-पिता का रोल किया है। ये दूसरा मौका है जब राज मेहता के डायरेक्शन में कियारा आडवाणी काम कर रही हैं। इससे पहले दोनों ने फिल्म गुड न्यूज में काम किया था। इस फिल्म में अक्षय कुमार और करीना कपूर भी थे।

# बच्चे को बनाना है एक अच्छा इंसान, तो पैरेंट्स उसे जरूर सिखाएं ये 5 शब्द

बच्चे शैतानी करे तो अच्छे है लेकिन बतमीजी करने वाले बच्चे किसी को पसंद नहीं आते। ऐसे में पैरेंट्स की परवरिश पर सवाल उठते है। पैरेंट्स को बच्चों को तमीज या मैनर्स जरूर सिखानी चाहिए। बच्चों का मन और दिमाग कोरे कागज की तरह होता है। आप उस पर जो भी लिखते हैं, वो वैसे ही बन जाते हैं इसलिए आप बच्चे को जो भी सिखाएंगे, वो उसे सीख लेगा। इसलिए पैरेंट्स को बच्चे को अच्छी आदतें सिखाने की ही कोशिश करनी चाहिए। बच्चे को विनम्र और सभ्य बनाकर, आप ना सिर्फ उसे एक अच्छा इंसान बनने में मदद कर रहे हैं बल्कि इसका फायदा उसे अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में भी होगा। यहां हम आपको कुछ ऐसे शब्द या मैनर्स बता रहे हैं, जिन्हें सीखने पर बच्चे विनम्र और सभ्य बनते हैं। अपने बच्चों को ये मैनर्स जरूर सिखाएं ताकि कल को आप खुद अपनी परवरिश पर गर्व महसूस कर सकें।



**नो, थैंक्यू**- जब कोई प्यार से आपको कोई चीज या हेल्प ऑफर करता है लेकिन आपको वो चीज नहीं चाहिए होती है तो उसके के लिए सीधे इनकार करने की बजाय विनम्रता के साथ नो, थैंक्यू बोलना है।

**येस, प्लीज**- जब कोई आपसे किसी चीज की परमिशन मांगता है, तो उसका जवाब येप, युप में ना देकर येस प्लीज में देना चाहिए। जब बच्चा अपने व्यवहार में इन चीजों को लाना शुरू करेगा, तो लोग खुद कहेंगे कि आपने अपने बच्चे को बहुत अच्छी परवरिश दी है। लेकिन आपको यहां एक बात का ध्यान रखना है कि बच्चे अपने पैरेंट्स को देखकर ही सीखते हैं इसलिए आप जो करेंगे, बच्चा भी वैसा ही व्यवहार करेगा। बच्चे को कोई आदत सिखाने से पहले आपको खुद उसे अपनाना होगा।

**प्लीज कहना**- किसी से कोई चीज मांगने, रिक्वेस्ट करने या मदद मांगने पर बच्चे को प्लीज बोलना सिखाएं। इससे पता चलता है कि बच्चा कितना सभ्य और संस्कारी है।

**थैंक्यू**- थैंक्यू शब्द बच्चों की ही नहीं बल्कि बड़ों की डिक्शनरी में भी शामिल होना चाहिए। मदद या कोई चीज मिलने या काम पूरा होने पर थैंक्यू जरुर बोलना सिखाएं।

**सॉरी कहना**- बच्चों को सॉरी कहने का मतलब नहीं पता होता। उसे बताएं कि कोई गलती करने पर या आपकी वजह से किसी को तकलीफ होने पर सॉरी बोला जाता है। अपनी गलती को इग्नोर करने की बजाय उसे स्वीकार करें और सॉरी बोलें।

**मे आई, प्लीज**- यदि बातचीत के दौरान बच्चे को बोलने का मौका नहीं मिल पा रहा है, तो उसे बीच में बोलना शुरू करने की बजाय इंतजार करना चाहिए और फिर आराम से मे आई, प्लीज कह कर अपनी बात शुरू करनी चाहिए।

## खेल

# 5-5 ओवर के हो सकते हैं प्लेऑफ मुकाबले

कोलकाता। IPL के 15वें सीजन के लीग मैच खत्म हो चुके हैं और आज पहला क्वालिफायर मैच गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। इससे पहले क्रिकेट के फैंस के लिए बुरी खबर आई है। कोलकाता में बारिश के आसार हैं।




ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने प्लेऑफ खेलने वाली टीमों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसमें बताया गया है कि बारिश होने पर अगर आवश्यकता पड़ी तो प्लेऑफ और फाइनल में विजेता का फैसला सुपर ओवर से किया जा सकता है। फाइनल मुकाबले के लिए एक रिजर्व डे भी रखा गया है।

### रात के 1 बजे भी शुरू होगा मैच

अगर बारिश के कारण प्लेऑफ मैच रुकता है तो उसे रात 12.50 बजे तक रद्द नहीं किया जाएगा। नई गाइडलाइंस के मुताबिक दोनों टीमों के बीच 5-5 ओवर का मुकाबला भी खेला जा सकता है। बशर्ते यह रात 11.56 बजे शुरू हो जाए।

5 ओवर के मैच की खत्म होने की समय सीमा रात 12.50 बजे रहेगी। ऐसा होने पर दोनों टीम की इनिंग्स के बीच 10 मिनट का ब्रेक रहेगा और स्ट्रैटेजिक टाइम आउट उपलब्ध नहीं होगा। अगर 12.50 बजे तक मैच नहीं होता है तो सुपर ओवर का सहारा लिया जाएगा।

टी-20 क्रिकेट में यह पहला मौका होगा जब बारिश की स्थिति में किसी मैच का फैसला सुपर ओवर से किया जाएगा। आमतौर पर अगर दोनों टीमें 5-5 ओवर भी नहीं खेल पाती हैं तो मैच रद्द कर दिया जाता है।

# प्लेऑफमें पहुंचने वाली 4 टीमों की सुपरहिट प्लेइंग इलेवन, ये खिलाड़ी होगा कप्तान

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल का 15वां सीजन अब समापन की ओर है। फाइनल समेत आईपीएल 2022 के कुल चार मैच बाकी हैं, जिनमें दो क्वालीफायर और एक एलिमिनेटर मैच शामिल है। आईपीएल के इस सीजन में गुजरात टाइटन्स, राजस्थान रॉयल्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। इन्हीं चार टीमों में से हमने प्लेऑफ्स की सुपरहिट प्लेइंग इलेवन चुनी है, जिसे आप नीचे देख सकते हैं। आईपीएल 2022 के प्लेऑफ्स में पहुंचने वाली चार टीमों में से जो सुपरहिट प्लेइंग इलेवन चुनी गई है, उसमें ओपनर के तौर पर जोस बटलर और क्विंटन डिकॉक को चुना गया है। इन दोनों ही ओपनरों ने शानदार प्रदर्शन अपनी-अपनी



टीम के लिए किया है। वहीं, नंबर तीन पर केएल राहुल हैं, जो खेले ओपनिंग पर हैं, लेकिन स्ट्राइकरेट उनका धीमा रहा है। ऐसे में वे नंबर तीन के बल्लेबाज के रूप में चुने गए हैं। इस टीम के विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक हैं।

नंबर चार पर हार्दिक पांड्या को जगह दी गई है, जो इस टीम के कप्तान भी हैं। उन्होंने 13 में से 9 मुकाबलों में टीम को जीत दिलाई।

# ऑस्ट्रेलियाई एरियन टिटमस ने बनाया 400 मीटर फ्रीस्टाइल विश्व रिकॉर्ड

**कैनबरा ।** ऑस्ट्रेलियाई तैराकी चैंपियनशिप में एरियन टिटमस ने महिलाओं के 400 मीटर फ्रीस्टाइल में नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एरियन टिटमस ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल को महज 3.56.40 में पूरा किया। उन्होंने अमेरिका की केटी लेडेकी के रिकॉर्ड को 0.06 सेकंड से तोड़ा।



रेस के बाद 21 वर्षीय टिटमस ने कहा, मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। उन्होंने बताया कि मैं जैसा महसूस कर रही हूं, विश्व रिकॉर्ड निश्चित रूप से मेरी पहुंच के भीतर था। टिटमस का विश्व रिकॉर्ड लेडेकी के साथ उनकी बढ़ती प्रतिद्वंद्विता का नया अध्याय है। लेडेकी ने टोक्यो ओलंपिक में उन्हें 400 मीटर फाइनल में हराया था। टिटमस ने कहा कि मैं अपने आप उनके बराबर में नहीं रख सकती। उन्होंने महिला तैराकी के लिए जो किया है, वह असमान्य है। वह 10 साल से इस स्तर पर है।

# विमिन सिंगल्स की डिफेंडिंग चैंपियन बारबोरा और ओसाका बाहर, जोकोविच, नडाल, रादुकानु, स्विटेक दूसरे राउंड में

पेरिस। फ्रेंच ओपन के दूसरे दिन विमेंस सिंगल्स में उलटफेर देखने को मिला। चार ग्रैंड स्लैम जीतने वाली नाओमी ओसाका और डिफेंडिंग चैंपियन बारबोरा क्रेज्सिकोवा पहले राउंड में हार कर बाहर हो गई हैं। वहीं जोकोविच, नडाल, एमा रादुकानु, इगा स्विटेक दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। ओसाका और बारबोरा के अलावा स्टैन वावरिंका भी पहले राउंड में ही हार गई हैं।



नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल अपने-अपने मैच जीतकर कर दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। जोकोविच ने जापान के योशिहितो निशियोका को सीधे सेटों में 6-3, 6-1, 6-0 से हराया। वहीं नडाल ने जॉर्डन थॉम्पस 6-2, 6-2, 6-2 से हराया। नडाल और जोकोविच एक ही ग्रुप में हैं। उनका मुकाबला क्वार्टर फाइनल से पहले एक-दूसरे का साथ हो सकता है। नोवाक जोकोविच डिफेंडिंग चैंपियन हैं। वह दो बार फ्रेंच ओपन जीत चुके हैं। नडाल 13 बार फ्रेंच ओपन जीत चुके हैं। उनके नाम 21 ग्रैंड स्लैम हैं। वहीं जोकोविच 20 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं।

### नडाल ग्रैंड स्लैम में 300 जीत से एक कदम दूर

नडाल ग्रैंड स्लैम में 300 जीत से एक जीत दूर हैं। उन्होंने फ्रेंच ओपन के पहले राउंड में जॉर्डन थॉम्पस को हराकर 299वीं जीत दर्ज की।

# पंजाब किंग्स ने हैदराबाद को 5 विकेट से रौंदा

मुंबई । लियाम लिविंगस्टोन (22 गेंद पर 49 रन नाबाद) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और हरप्रीत बरार (3/26) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत खेले गए वानखेड़े स्टेडियम में यहां पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हरा दिया।



हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 157 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के लिए हरप्रीत बरार को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। 158 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की तरफ से जॉनी बेयरस्टो और शिखर धवन ने पारी की शुरूआत की। वहीं, भुवनेश्वर कुमार ने टीम का पहला ओवर फेंका। बेयरस्टो ने इस ओवर में तीन चौके लगाकर 12 रन बटोरे। बेयरस्टो को 20 रन के स्कोर पर पहला जीवनदान मिला। वाशिंगटन सुंदर के पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर बेयरस्टो ने शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद हवा में गई और उमरान मलिक ने वहां आसान कैच छोड़ दिया। हालांकि, बेयरस्टो 15 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए।

# शिखर धवन ने आईपीएल में बनाया कीर्तिमान



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2022 का समापन जीत के साथ किया। आखिरी लीग मैच में पंजाब की टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया। इसी मुकाबले के दौरान पंजाब किंग्स के ओपनर शिखर धवन ने नया रिकॉर्ड कायम कर दिया, जो टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे पहले 700 चौके लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। धवन ने ये उपलब्धि हैदराबाद के खिलाफहासिल की, जिसके लिए वे काफी समय पहले खेल चुके हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज शिखर धवन ने जैसे ही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफआईपीएल 2022 के आखिरी लीग मैच में पहला चौका जड़ा तो वे इस लीग में 700 चौके जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

# चिरायु स्वास्थ्य मेगा केम्प में उमड़ी भीड

## पांचों विकासखण्डों से आये 120 बच्चों की हुई जांच

कोण्डागांव। मंगलवार को जिला चिकित्सालय में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ टी0 आर0 कुंवर के निर्देशानुसार चिरायु मेगा कैम्प का आयोजन किया गया था। इस कैम्प में 0 से 18 वर्ष के गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।




इस कैम्प हेतु विशेषज्ञों की एक टीम बालाजी हॉस्पिटल रायपुर एवं सत्य सांई हॉस्पिटल रायपुर से एक दिन पूर्व से ही कोण्डागांव पहुंची थी। बालाजी हॉस्पिटल रायपुर से न्यूरोसर्जन एमसीएच विशेषज्ञ डॉ. हितेन्द्र उइके, इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विशाल आनंद एवं कॉर्पोरेट हेड उज्जवल जायसवाल शिविर में उपस्थित थे। सत्य सांई हॉस्पिटल से विशेषज्ञ कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. अतुल प्रभु, स्टॉफ नर्स रजनी पटेल, स्टॉफ नर्स मंजुलता राठौर शिविर में शामिल हुये। इनके अतिरिक्त जिला चिकित्सालय कोण्डागांव से विशेषज्ञों की एक टीम उपस्थित थी। जिनमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना मीणा, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. रूपेन्द्र साहू, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रूद्र कश्यप, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मयुर चांदेकर, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. काव्या रेड्डी, दन्त चिकित्सक डॉ. परमेश्वर पात्र, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. पदमनाथ बघेल, क्लीनिकल सॉयकोलॉजिस्ट मधु बघेल उपस्थित रहे। इस चिरायु कैम्प हेतु नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ सभी विकासखण्डों के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से भी ग्रामीण इस शिविर में शामिल हुए थे। इसके अतिरिक्त विद्यालय एवं आंगनबाड़ी के बच्चों ने भी शिविर में भाग लिया। चिरायु दल के द्वारा लाभार्थियों को कैम्प में लाने के लिए सहयोग किया जा रहा था।

इस शिविर में कुल 120 बच्चों का चिन्हांकन विशेषज्ञ दलों के द्वारा किया गया। कुल चिन्हांकित बच्चों में हृदय रोग के 12, नेत्र रोग के 10, अस्थि रोग के 18, नाक-कान-गला रोग के 13, हाथ में तकलीफ के 03, एवं अन्य 64 बच्चे शामिल थे। इनके अतिरिक्त 04 बच्चों के लिए नि:शक्तता (दिव्यांगता) प्रमाण पत्र भी बनाया गया। सिविल सर्जन मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय बसाक के द्वारा इस आयोजन को अगले वर्ष भी करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता में सुधार करने हेतु प्रेरित किया गया एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव के द्वारा लाभार्थी बच्चों की संख्या को और अधिक बढ़ाये जाने हेतु प्रयास करने के लिए सुझाव दिये गये।

## एक नजर

### 03 माह में 49 बड़ी सर्जरियों के साथ जिला अस्पताल में हुई 165 सर्जरियां

जिला अस्पताल द्वारा आधुनिक उपकरणों से किया जा रहा गंभीर रोगों का ईलाज



**कोण्डागांव।** कोण्डागांव जिले के निर्माण के साथ जिले में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के बेहतर होने की आशा लोगों के मन में थी। जिसके पश्चात् मुख्यालय में जिला अस्पताल की स्थापना की गई थी। लोगों की आशाओं के अनुरूप आज जिला अस्पताल में गंभीर से गंभीर रोगों का नि:शुल्क ईलाज किया जा रहा है। यहां लगे आधुनिक उपकरणों से जिला अस्पताल नित नई उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। जिले में गंभीर रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या को देखते हुए इनके ईलाज के लिए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ0 टीआर कुंवर के मार्गदर्शन में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। जिसमें सर्जरी विशेषज्ञ डॉ0 एस नागुलन की भी नियुक्ति जिला अस्पताल में की गई थी। विगत 03 माह के भीतर जिला अस्पताल में आये जटील रोगों जैसे लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, ओरल कैंसर सर्जरी, स्तन कैंसर सर्जरी, आंत रूकावट सर्जरी, अग्नाषय के कैंसर की सर्जरी, पेट और छाती का आघात, कैंसर गर्भाषय ग्रीवा, आंत से संबंधित कुल 165 सर्जरियां सम्पादित की गई हैं। जिसमें डॉ0 नागुलन द्वारा किये गये नवजात और बाल चिकित्सा, आपातकाल, जन्मजात विसंगतियां से संबंधित 49 बड़े ऑपरेशन भी शामिल हैं। जो जिला अस्पताल की एक बड़ी उपलब्धि है कि जहां आकांक्षी जिलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सर्वोत्कृष्ट सेवाएं जिला अस्पताल में उपलब्ध कराई गई है। जो न सिर्फ जिले अपितु संभाग के अलग-अलग कोनों से आने वाले गंभीर रोग से पीड़ित निर्धन एवं गरीब तबके की भी नि:शुल्क सेवा कर रहा है।

### जिला अस्पताल में सी.टी. स्कैन मशीन का संचालन पुनः हुआ प्रारंभ

**कोण्डागांव।** विगत कई दिनों से विभिन्न समाचार पत्रों द्वारा जिला अस्पताल में स्थापित की गई सीटी स्कैन मशीन के खराब होने तथा मशीन की मरम्मत न होने के संबंध में जानकारी साझा की गई थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा जल्द से जल्द मशीन की तकनीकी खामियों को दूर कर संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये थे। जिसपर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि 21 मई से जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में स्थापित सी.टी. स्कैन मशीन का संचालन पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। जिससे अब कोण्डागांव के शहरी एवं ग्रामीणजनों को सी.टी. स्कैन परीक्षण कराने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसके द्वारा आन्तरिक अंगो में अघात, कोविड के परीक्षण, किडनी संबंधी रोग, केन्सर, हृदय रोग, लिवर के रोग व अन्य संक्रामक रोगों के परीक्षण में सहायता प्राप्त होगी।

### बदमाशों ने बाइक से उड़ाए ढाई लाख रुपये

**जगदलपुर** । शहर के ट्रेडर्स के संचालक की बाइक में रखे ढाई लाख रूपये अज्ञात लोगों ने पार कर दिए, पुलिस मामले की जांच कर रही है। कारोबारी ने अपनी दुकान के ने ढाई लाख रूपये बाइक की डिक्की में रखकर बीती रात लगभग 9.30 बजे घर के लिए निकला था, रास्ते में बाइक खड़ीकर गुपचुप खाने के दौरान बदमाशों ने ढाई लाख रूपये पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के ट्रेडर्स का अशोक दुल्हानी रविवार रात को दुकान बंद करने के बाद घर के लिए निकला, रास्ते में महारानी अस्पताल के सामने बाइक खड़ी कर गुपचुप खाने रुक गया। इस दौरान उनकी बाइक की डिक्की में रखे ढाई लाख रुपए अज्ञात लोगों ने निकाल लिए ।

### दिनेश नाग बने ननि आयुक्त

जगदलपुर, । निगम आयुक्त प्रेम कुमार पटेल का तबादला हो गया है। उनकी जगह पर अब दिनेश नाग नगर निगम के आयुक्त का पदभार संभालेंगे। दिनेश नाग फिलहाल एसडीएम के पद पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। ननि आयुक्त प्रेम कुमार पटेल को रायपुर विकास प्राधिकारण का महाप्रबंधक बनाया गया है।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में आवेदन करने वाले पालक ठगे गए

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांशी योजना स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में जिस प्रकार स्थानीय समिति के जिम्मेदार पदाधिकारियों के द्वारा मनमानी की जा रही है, उससे पालकों में भारी आक्रोश व्यापत है।

शहर में एक मात्र सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्वामी आत्मानंद अंगेजी माध्यम स्कूल विगत दो वर्षो से संचालित हो रहा है और इस वर्ष इस स्कूल में एलकेजी में प्रवेश लेने बच्चों के पालकों के द्वारा इस भीषण गर्मी में घंटो कतार लगाकर आवेदन लेकर फिर लंबी कतार में घंटो खड़े रहकर फार्म जमा किया और विगत कई दिनों से लॉटरी निकलने का इंतजार कर स्कूल के चक्कर काट रहे है, लेकिन अब स्कूल के प्राचार्य के द्वारा पालकों को मौखिक रूप से यह जानकारी दी जा रही है कि इस स्कूल में इस वर्ष नर्सरी या एलकेजी की कक्षा आरंभ नहीं किया जा रहा है जिससे पालक अब अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। हैरत की बात यह कि एलकेजी के 30 सीटों के लिए अब तक लगभग 300 पालकों को आवेदन फार्म स्कूल के द्वारा बांटे जा चुके है और लगभग 250 फार्म अब तक जमा किए जा चुके है।

### पीड़ित पालक ने की शिकायत

पालक शिव निर्मलकर निवासी लखोली ने अपने लिखित शिकायत में बताया कि उसने अपने पुत्र युग निर्मलकर को सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के एलकेजी में प्रवेश दिलाने इस भीषण गर्मी में लंबी कतार में घंटो खड़े होकर ऑफलाईन फार्म स्कूल से लिया और उसे फिर भीषण गर्मी में लंबी कतार में घंटो खड़े होकर स्कूल में जमा किया था और सोमवार को जब प्राचार्य से मिलकर लॉटरी कब निकलेगा इसकी जानकारी मांगी तो प्राचार्य ने बताया कि ऐसी कोई कक्षा उनके स्कूल में इस वर्ष आरंभ नहीं हो रहा है, उच्च अधिकारियों के कहने पर फार्म बांट दिया गया था, लेकिन इसकी कोई तैयारी नहीं हो रही है।

### जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ हो सख्त कार्यवाही - क्रिष्टोफर पॉल

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा दिनांक 1 अप्रैल 2022 को एक आदेश जारी कर सभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में नर्सरी कक्षाये आरंभ करने का आदेश जारी कर समस्त कलेक्टर को इसकी प्रारंभिक तैयारी कर आगामी शिक्षा सत्र में नर्सरी कक्षाये प्रारंभ करने का निर्देश दिया है, जब सरकार को नर्सरी या एलकेजी की कक्षाये आरंभ ही नहीं करना था तो फिर पालकों को मिथ्या जानकारी देकर गुमराह क्यों किया गया? क्यों पालकों को आवेदन फार्म बांटे गए? क्यों इस भीषण गर्मी में पालको को लंबी-लंबी कतार लगाकर उनसे फार्म स्वीकार किया गया है और बताया गया कि जल्द लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा।

श्री पॉल का कहना है कि राज्य सरकार को जिम्मेदारी तय करना होगा और पालकों के साथ ऐसा बार-बार धोखाधड़ी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किया जाना चाहिए, क्योंकि लॉटरी निकालने में भी मनमानी किया गया और जिन सैकड़ों फार्म को रिजेक्ट किया उनके पालकों को आज तक कोई जानकारी नहीं दिया गया कि उनके फार्म क्यों रिजेक्ट हुए।

## कोण्डागॉव पुलिस ने चोरी के आरोपियो को 04 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार

आरोपियों के कब्जे से चोरी की संपत्ति किया गया बरामद।

**कोण्डागांव।** जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल (भा0प0से0), अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के निदेर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव निमितेष सिंह परिहार के पर्यवेक्षण में थाना कोण्डागांव के द्वारा चोरी के आरोपियो को 04 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया एवं आरोपियो के कब्जे से चोरी की संपत्ति चॉदी का पायल एवं मोबाईल किमती करीबन 18,000 रूपये का मशरूका जप्त किया गया है।

दिनांक 23.05.2022 को प्राथिर्या कु0 बबिता मुखर्जी प्रात: 09:00 बजे अपने डयुटी गई थी। उसका भाई बप्पन मुखर्जी घर अन्दर सोया था। शाम करीबन 04:00 बजे प्रार्थिया अपने डयुटी से वापस घर आई तो घर का आलमारी खुला था आलमारी में अन्दर रखे 02 नग सोने की बाली, 02 नग सोने की अंगुठी , 02 नग चॉदी का पायल पुरानी इस्तेमाली 01 नग ओप्पो कंपनी का नीला रंग का टच स्क्रिन मोबाईल नही था। कोई अज्ञात चोर घर अन्दर घुसकर आलमारी के अन्दर रखे सामग्री कुल किमती 30,000 रूपये को चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव मे अपराध क्रमांक 203 धारा 454,380 भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया।



चॉदी के पायल एवं 18,000 रूपये कीमती मोबाइल किया गया जप्त।

विवेचना के दौरान मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि डीएनके कालोनी, कोण्डागांव निवासी विजय खुरा और उसका साथी दुर्गेष सोडी की उक्त चोरी की घटना मैं संलिप्तता है, बाद संदेही से पूछताछ किया गया पूछताछ में आरोपी द्वारा चोरी करना स्वीकार जिसे आज दिनांक 24.05.2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

संपूर्ण कायर्वाही में थाना प्रभारी निरीक्षक भीमसेन यादव, उप निरीक्षक आनंद सोनी, स0उ0नि0 लोकेश्वर नाग, प्रभुलाल डहरिया, प्र0आर0 हेमू राम साहु, नरेन्द्र देहरी , पन्नालाल देहारी की सराहनीय भूमिका रही।

## प्रत्येक व्यक्ति का सामाजिक और आर्थिक अधिकार सुनिश्चित हुआ - राजीव शर्मा

**जगदलपुर** । कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसने न्याय योजना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक अधिकारों को सुनिश्चित किया है। किसानों और समाज के वंचित तबकों को न्याय दिलाने के लिए बीते 03 वर्षों के दौरान अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों के जरिए व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश की भूपेश सरकार अपनी हर योजना का लगातार विस्तार कर रही है तथा उसे ज्यादा से ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की सबके लिए न्याय की मंशा के अनुरूप राज्य में संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजना , राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि वितरण कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपना कर्तव्य निभाया।

## कलेक्टर ने किया आधार समाधान शिविर का निरीक्षण

**जगदलपुर,** । कलेक्टर श्री रजत बंसल ने सोमवार 23 मई को नगर निगम जगदलपुर के टाउन हॉल में पहुंचकर वहां आयोजित आधार समाधान शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया एवं आम जनता की सुविधा के लिए कांउटर बढ़ाने तथा दिव्यांगो के लिए अलग से कांउटर बनाने के निर्देश दिए हैं।





# फिर ट्रेनें कैंसिल, बेहाल यात्री, भड़का आक्रोश

## सबसे ज्यादा कोयला उत्पादन का दुष्परिणाम झेल रहा छत्तीसगढ, 10 लाख से ज्यादा यात्री प्रभावित

बिलासपुर। रेलवे प्रशासन ने आने वाले एक माह के लिए 36 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। रेलवे का यह फैसला छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार है। क्योंकि, आवागमन के लिए ट्रेन ही सबसे सस्ता और सुलभ साधन है, जिसे मालगाड़ी और कोयला परिवहन के नाम से कैंसिल किया गया है।



रेलवे के इस मनमाने पूर्ण फैसले से रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ ही शादी-ब्याह के सीजन, समर वेकेशन में यात्रा करने वाले यात्री भी भीषण गर्मी में परेशान हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों के सामने रोजी-रोटी की संकट की स्थिति है। रेलवे के इस फैसले का अब कड़ा विरोध भी होने लगा है। छात्र युवा जोन संघर्ष समिति ने बुधवार को केंद्रीय रेल मंत्री का पुलता दहन कर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ट्रैन कैंसिल होने की वजह से यात्री कितने परेशान हैं, पढ़िए दैनिक भास्कर की इस रिपोर्ट में

रेलवे ने मार्च और अप्रैल के पीक सीजन में 40 से अधिक यात्री ट्रेनों को बिना कारण के रद्द कर दिया था। इसके चलते कोरोना के दो साल बाद यात्रा का प्लान बनाने वाले यात्रियों को सफर रद्द करना पड़ा। अब जब उन्हें उम्मीद थी कि ट्रेनें बहाल होने वाली है, तब उन्होंने दोबारा टिकट कंफर्म करा लिया। लेकिन, रेलवे ने छत्तीसगढ़ के लोगों की परेशानी फिर से बढ़ा दी है। इस बार 34 ट्रेनों के साथ ही लंबी दूरी की नई एक्सप्रेस ट्रेनों और लोकल व पैंसेजन ट्रेनों को रद्द कर दिया है। ऐसे में तकरीबन 10 लाख से ज्यादा लोग रेलवे के इस मनमाने फैसले से परेशान हो रहे हैं।



### ट्रेन के इंतजार में प्लेटफॉर्म में बैठे यात्री

इस भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक में यात्री बेहाल नजर आए। यहां यात्रियों की भीड़ लगी थी। हर कोई अपने गंतव्य जाने के लिए गाड़ियों का इंतजार कर रहे थे। लेकिन, रेलवे में उन्हें सही जवाब देने वाला कोई नहीं था। कोई रायगढ़ जाने के लिए ट्रेन के इंतजार में बैठे थे, तो कोई अपने रिश्तेदार के यहां सागर जाने के लिए स्टेशन में भटकते नजर आए। ट्रेनें रद्द होने के बाद यात्रियों में रेलवे के खिलाफ आक्रोश भी दिखा। ट्रेनें कैंसिल होने के साथ ही गाड़ियों की लेटलतीफी की वजह से भी यात्री परेशान नजर आए।

रेलवे प्रशासन ने जिन 36 ट्रेनों को रद्द किया है उनमें 6 ट्रेनें बिलासपुर से कटनी रूट पर चलती हैं। इस रूट पर यात्रियों की संख्या अधिक है। पैसेंजर कम एक्सप्रेस ट्रेनें होने की वजह से रोजाना इन प्रत्येक ट्रेनों में औसत 1500 से अधिक यात्री सफर करते हैं। 6 ट्रेनें 30 दिनों में 180 फेरा लगाएंगी। यानी 2 लाख 70 हजार यात्री इसमें सफर कर सकते हैं।

इसी तरह से 12 मेमू और डेमू एक महीने में 360 फेरे लगाती हैं, जिनमें औसत 1000 यात्रियों के हिसाब से 3 लाख 60 हजार यात्री और लंबी दूरी की 16 वीकली ट्रेनें एक महीने में 104 फेरे लगाती हैं, इसमें 2 लाख 8 हजार यात्री सफर कर सकते हैं। यानि कुल 644 फेरे में 8 लाख 50 हजार के लगभग यात्री सफर कर सकते हैं। मार्च से लेकर मई-जून का महीने में सबसे ज्यादा वैवाहिक कार्यक्रम होते हैं। इसके साथ ही टूर का सीजन भी रहता है। ऐसे में हर ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी होती है। हम यात्रियों के जिन आंकड़ों की बात कर रहे हैं वह तो सामान्य दिनों के मुताबिक हैं। अगर उन्हें पीक सीजन के हिसाब से देखा जाए तो एक महीने में इन ट्रेनों में 10 लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं। इन ट्रेनों में पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती है।

### जनता से खिलवाड़ कर रहा रेलवे प्रशासन

यात्रियों ने कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने और प्रारंभ होने वाली 36 गाड़ियों को पहले एक माह के लिए कैंसिल किया गया था, तब हजारों यात्रियों को अपनी टिकटें कैंसिल कराना पड़ा। तब उन्हें उम्मीद थी कि ट्रेनें जब शुरू होंगी, तब यात्रा करेंगे और उन्होंने टिकट की दोबारा बुकिंग करा ली। लेकिन, अब रेलवे ने फिर से 36 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इससे स्पष्ट है कि रेलवे को जनसुविधा से कोई सरोकार नहीं है। रेलवे को अपनी आय से ही मतलब है और आमजन की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है।

# शासकीय अस्पतालों में जेनेरिक दवाएं ही लिखें डॉक्टर्स-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



शासकीय अस्पतालों में डॉक्टर्स इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सिर्फ जेनेरिक दवाएं ही लिखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे। ऐसा नही करने वाले डॉक्टर्स पर कार्यवाही की जाएगी और अर्थदंड लगाया जाएगा। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत मिलने वाली सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिंह ने सभी सेवा प्रदाता विभाग के अधिकारियों से कहा कि उनके कार्यालय द्वारा प्राप्त और निराकृत किये आवेदनों की जानकारी पंजियों में संधारित हो। कलेक्टर सिंह ने राशन दुकानों में भरी जाने वाली 10 प्रकार की पंजियों को अद्यतन कर के रखने के लिए कहा। उन्होंने ओबीसी वर्ग के राशन कार्ड निर्माण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने मितान योजना के बारे में चर्चा करते हुए लाभ लेने वाले हितग्राहियों से आवश्यक दस्तावेज लेते हुए समय में उन्हें सर्टिफिकेट बना कर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य लोगों को घर बैठे सेवाओं का लाभ समय पर मिलना है। अतः सभी जिम्मेदार अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने स्कूलों में परीक्षा परिणामों की समीक्षा करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि जहां परिणाम कमजोर रहे हैं वहां परिणाम सुधारने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने स्कूल्स में बेस लाइन सर्वे करवाने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर भीम सिंह ने बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की। समय-सीमा से बाहर अविवादित नामांतरण, सीमांकन, बटांकन प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश उन्होंने दिए। उन्होंने घरघोड़ा में निर्माणाधीन मुनगा प्रोसेसिंग प्लांट की दीवार गिरने की सभी तकनीकी पहलुओं से जांच के निर्देश पीडब्लूडी को दिए।

कलेक्टर सिंह ने शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना पर भी चर्चा की। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों में चल रहे कैम्पों में मरीजों की संख्या बढ़ाने के लिए एक दिन पहले कैम्प लगने वाली जगह पर सूचना देने के लिए कहा। साथ श्रम निरीक्षकों के माध्यम से लेबर कार्ड भी बनाने के लिए निर्देशित किया। फिट इंडिया मोमेंट के तहत उन्होंने कलेक्टोरेट तथा अन्य शासकीय कार्यालय के कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच करवाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। कलेक्टर सिंह ने पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी के केसीसी निर्माण के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि बैंक के स्तर पर प्रकरणों का निराकरण लंबित है। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए बैंकों से कार्य पूरा करवाते हुए केसीसी निर्माण में प्रोग्रेस लाने के निर्देश लीड बैंक मैनेजर को दिए। कलेक्टर भीम सिंह ने बैठक के दौरान गोधन न्याय योजना के तहत निर्मित वर्मी कम्पोस्ट का समितियों में भंडारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने फारेस्ट गौठान में क्रेडा के माध्यम से सोलर पंप स्थापना का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# बहन की शादी के लिए कारोबारी को लूटा

50 लाख की लूट का मास्टरमाइंड किया सरेंडर ;लूट की रकम से पूरा करता था नशे की लत



**रायपुर।** रायपुर पुलिस बीते 8 दिनों से जिस आरोपी को पुलिस ढूंढ रही थी, वो खुद चलकर सामने आ गया। शहर में हुई 50 लाख की लूट मामले का आरोपी अजय उर्फ अज्जू मीडिया के सामने पहुंचा और सरेंडर कर दिया। पुलिस इसे पूरे कांड का मास्टरमाइंड बता रही थी। मीडिया के लोगों के सामने अंजू ने कई हैरान करने वाले खुलासे किए हैं। फिलहाल अब एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने इसे गिरफ्तार कर लिया है। अज्जू से पुलिस की टीम अब पूरे वारदात को लेकर पूछताछ करेगी । 50 लाख की लूट केस में अज्जू ही फरार था। इससे पहले पुलिस ने बीते 3 दिनों में 14 बदमाशों को गिरफ्तार किया है जो वारदात में शामिल थे।

# विधानसभा अध्यक्ष नहीं करेंगे राज्यसभा की दावेदारी

डॉ. चरणदास की पत्नी और सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा-हमारा मन होगा तब जाएंगे, जरूरी नहीं अभी जाएं

पेंड्रा। राज्यसभा चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन का पहला दिन था। ऐसे में कांग्रेस की ओर से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत को राज्यसभा भेजे जाने के कयास पर विराम लग गया है।




डॉ. महंत की पत्नी और कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा वो राज्यसभा के लिए दावेदारी नहीं करेंगे। अभी राज्यसभा जाने की कोई इच्छा नहीं है। अभी छत्तीसगढ़ और अपनी जनता की ही सेवा करेंगे। सांसद महंत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (GPM) जिले में मीडिया से रूबरू थीं।

कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि डॉ. चरणदास महंत के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा था कि मेरी एक ही इच्छा है कि मैं राज्यसभा सांसद बनने की इच्छा कभी पूरा करूं सकूं। जबकि उस बयान में से कभी को हटा दिया गया। जिससे लगा कि वह राज्यसभा सांसद अभी बनना चाहते हैं। हालांकि सांसद महंत ने यह भी कहा कि जब हमारा मन होगा तब राज्यसभा जाएंगे और कोई जरूरी नहीं है कि अभी जाएं।

दरअसल, कोरबा सांसद महंत, बिलासपुर सांसद अरुण साव और मरवाही विधायक केके ध्रुव मीटिंग में शामिल होने के लिए तक्कड़ू पहुंचे थे। दोनों जिलों का लोकसभा क्षेत्र नवगठित जिले में आता है। ऐसे में विकास और आगे की कार्य योजनाओं को लेकर जिला खनिज न्यास समिति और दिशा समिति के साथ बैठक की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई इस बैठक में सांसद ज्योत्सना महंत अपने बेटे और बेटी के साथ शामिल होने के लिए पहुंची थी।

## खुलेंगी नई रेत खदानें, आवास नहीं बनने पर नाराजगी

*बिलासपुर सांसद अरुण साव ने बैठक में योजना के मकान नहीं बनाए जाने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ये प्रदेश की 15 लाख जनता के साथ अन्याय है। लोगों के सपनों का आशियाना नहीं बनाना राज्य सरकार का अन्याय है, जो लोगों के साथ कर रही है। वहीं कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने जिले में एक भी रेत खदान नहीं होने की पर नई खदानों के खोले जाने का आश्वासन दिया। बैठक में कोटा विधायक रेणु जोगी दिल्ली के मेदांता अस्पताल में भर्ती होने के कारण शामिल नहीं हो सकीं।*

# ओबीसी आरक्षण पर बवाल-भाजपा नेता धरना देकर बोले- जानबूझकर कांग्रेस 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं दे रही

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग ( OBC ) को छत्तीसगढ़ में 27 % आरक्षण देने की मांग के साथ भारतीय जनता पार्टी ने धरना दिया। रायपुर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तमाम नेता कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे।



बूढ़ापारा स्थित धरना स्थल पर सभी आरक्षण लागू किए जाने की मांग के साथ विरोध प्रदर्शन करते दिखे। इस एक दिवसीय धरने के बाद नेताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पिछड़ा वर्ग समाज के साथ छल करना बंद करे। इनकी मंशा नहीं है और इसलिए अपने मोहरे से कोर्ट में याचिका लगवाती है और स्थगन लेती है और उसी व्यक्ति को आयोग का चेयरमैन बना का पुरुस्कृत करती है। कांग्रेस ने केवल वोट बटोरने के लिए घोषणा की थी। यदि समय रहते हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना होगा। इस विरोध प्रदर्शन में मोतीलाल साहू ,श्रीचंद सुंदरानी , संजय श्रीवास्तव , नंदे साहू जैसे नेता भी पहुंचे थे।

## ये है पूरा विवाद

15 अगस्त 2019 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी करने के ऐलान किया था। सवर्ण गरीबों को भी 10 फीसदी आरक्षण देने का ऐलान किया था। मगर समाजिक कार्यकर्ता कुणाल शुक्ला सरकार के निर्णय के खिलाफ कोर्ट चले गए और कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण देने का उचित आधार ना पाए जाने पर रोक लगा दी। बाद में कुणाल को कबीर शोध पीठ के प्रमुख की कुर्सी दे दी गई।

## कांग्रेस ने बताया फ्लॉप शो

भाजपा के ओबीसी आरक्षण को लेकर धरना प्रदर्शन को फ्लाप शो बताते हुये छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि घड़ियाली आंसू बहाने और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिये किये गये आंदोलन को, ओबीसी वर्ग के लोगो ने ही भाजपा के धरने को नकार दिया। भारतीय जनता पार्टी दलित, आदिवासी और महिला विरोधी है। छत्तीसगढ में 15 साल सत्ता में रहने के दौरान रमन सरकार ने यदि ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में कोई प्रयास किया हो, कोई कमेटी बनाई हो या आरक्षण लागू करने के संदर्भ में कोई अधिसूचना जारी की हो तो बताएं?

## एक नजर

### कोतरा रेल फाटक 3 व 4 जून की रात से अगली सुबह तक सड़क यातायात के लिए रहेगा बंद

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सहायक मण्डल अभियंता रेलवे रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 से 4 जून एवं 4 से 5 जून 2022 को रात 10 बजे से प्रात: 7 बजे तक रायगढ़ व किरोड़ीमल नगर के बीच स्थित कोतरा मानवयुक्त समपार फाटक क्रमांक-289, कि.मी.-588/14-16 में आवश्यक डाऊन रेल लाइन के मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात बंद रहेगा। जनसामान्य इस दौरान जिंदल अंडर ब्रिज के नीचे की सड़क का उपयोग कर सकते है।

### प्लेसमेंट कैम्प 27 मई को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 27 मई 2022 को प्रात: 10:30 बजे से स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें कुल 36 पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। प्लेसमेंट कैम्प में जिन नियोजकों के माध्यम से जिन पदों पर भर्ती की जानी है। इनमें मे.जनमित्रम कल्याण समिति, बड़े अतरमुड़ा रायगढ़ में लाईवलीहुड सपोर्ट अस्टिेंट में 10 पद, मे.आईकोनिक कम्प्यूटर इन फ्रंट ऑफ डीजीएमएस आफिस रायगढ़ में कम्प्यूटर फेकल्टी में 5 पद, सीसीटीव्ही टेक्नीशियन टीचर में 2 पद, मे.शारदा कंस्ट्रक्शन गौशाला रोड खरसिया में एकाउंटिंग असिस्टेंट के 2 पद, एकांउटिंग एक्जीक्यूटिव के एक पद, आफिस असिस्टेंट के एक पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर 1 पद, सुपरवाईजर 5 पद एवं सिविल इंजीनियर में 5 पद रिक्त है। इसी तरह मे.श्री बालाजी एजेंसी लक्ष्मी हाईट्स के पास छाबड़ा, सेल्स के सामने ढिमरापुर रायगढ़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर में एक पद, सेल्समेन में एक पद एवं हेल्फर में 2 पद रिक्त है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र दरोगापारा वार्ड क्रमांक 18, आंगनबाड़ी केन्द्र मौदहापारा वार्ड क्रमांक 30 तथा आंगनबाड़ी केन्द्र देवारपारा ए वार्ड क्रमांक 38 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के छटनी पश्चात अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 25 मई से 3 जून 2022 तक सायं 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी) में जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### व्यापारी के स्कुटी की डिक्की से रूपये-पैसे चोरी के 2 आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये राशि 02 लाख 15 हजार रूपये, एक चांदी का सिक्का, एक मोबाईल बरामद

**जगदलपुर** । स्थानीय व्यापारी अशोक दुल्हानी के संजय बाजार स्थित अपने दुकान से अपने घर कुम्हारपारा जाने के दौरान महारानी अस्पताल के सामने उस्ताद गुपचुप सेंटर में गुपचुप खाने रूका था, इसी दौरान उसके स्कुटी से 02 लाख रूपये व एक चांदी का सिक्का और अन्य सामान की चोरी कर उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना पर प्रार्थी अशोक दुल्हानी के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में चोरी (379) भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही करते हुए सीसीटीव्ही वीडियो और फुटेज के आधार पर दो संदिग्धों ए.अनिल निवासी गंजाम उडिसा एवं करन नेताम निवासी महासमुंद को संजय बाजार क्षेत्र से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है, जिन्होने पूछताछ में व्यापारी के गाड़ी की डिक्की से रूपये पैसे चोरी कर लेना स्वीकार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये राशि 02 लाख 15 हजार रूपये, एक चांदी का सिक्का, एक मोबाईल फोन और अपराध कारित प्लस मोटर सायकल ओडी-32 ई 5340 बरामद कर, जप्त किया गया है। आरोपियों द्वारा अपने पल्सर वाहन का नंबर प्लेट बदलकर फर्जी नंबर सीजी 08 के 4578 का प्लेट लगाकर घटना को कारित करना बताये है। दोनो आरोपियों को थाना कोतवाली जगदलपुर के द्वारा न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

कांग्रेस के चिंतन शिविर के फैसले लागू होंगे

# 1 जून से दो दिन की बैठक जिसमें तय किया जाएगा फार्मूला

रायपुर। राजस्थान के उदयपुर में तीन दिन तक चले कांग्रेस के नव संकल्प चिंतन शिविर में लिए गए फैसलों को लागू करने के लिए एक और बार चिंतन होगा।



इन फैसलों में पांच साल तक पदाधिकारी रह चुके लोगों को तीन साल तक जिम्मेदारी नहीं दिए जाने की बात भी शामिल है। इससे पहले एक और दो जून को एक कार्यशाला कर फैसलों को लागू करने की योजना बनाई जाएगी।

यह बातें मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में हुई बैठक में तय हुईं। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम की मौजूदगी में यह बैठक उदयपुर चिंतन शिविर में लिये गये निर्णयों को लागू करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए ही बुलाई गई थी। तय हुआ कि फैसलों को लागू करने से पहले एक कार्यशाला कराया जाए। उसमें पदाधिकारियों को उदयपुर में हुए फैसलों की विस्तृत जानकारी देकर लागू करने की व्यापक रणनीति बने। कार्यशाला कहां होनी है यह अभी तय नहीं हुआ है। इसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी मंत्रियों-पदाधिकारियों और अनुषांगिक संगठनों के प्रमुखों को शामिल होना है। संगठन ने जोन स्तर तक संगठन की ईकाई गठन तथा प्रदेश में एक राजनैतिक समिति का गठन करने का भी फैसला किया। मंगलवार को हुई बैठक में कांग्रेस कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला, पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉ. जे.पी. श्रीवास्तव, अंबिका मरकाम और कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला आदि शामिल थे।

## जिलों में 75 किमी लंबी पदयात्रा

बैठक में आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रस्तावित भारत जोड़ो यात्रा पर बात हुई। यह यात्रा गांधी जयंती के दिन 2 अक्टूबर से शुरू होनी है। इसी दौरान तय हुआ कि 9 अगस्त से प्रत्येक जिला कांग्रेस कमेटी को अपने जिले में 75 किलोमीटर लंबी पदयात्रा शुरू करनी है।

# जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी होती है लोक हित समाज हित के लिए काम करें- प्रकाश

*** सेन समाज ने नपाध्यक्ष एवं पार्षदों का किया सम्मान * सामाजिक भवन में नये बोर का शुभारंभ किया**

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



इमलीभाठा सेन समाज के भवन में अध्यक्ष निधि से खनन कराया गया बोर का नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने वार्ड पार्षद की मौजूदगी में पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। महासमुंद सेन समाज की लंबे समय से मांग रही है कि सामाजिक भवन पेयजल की व्यवस्था हो। समाज के पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से मुलाकात की। और सामाजिक भवन में पेयजल की समस्या से अवगत कराया। जिस पर पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने अध्यक्ष निधि से इमलीभाठा वार्ड नंबर 2 स्थित सेन समाज के भवन में बोर खनन कराया गया। जिसका शुभारंभ पालिका अध्यक्ष चंद्राकर एवं वार्ड पार्षद राहुल चंद्राकर द्वारा किया गया। इस मौके पर सेन समाज द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों का सम्मान किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी होती है कि लोक हित, समाज हित के लिए काम करें। चंद्राकर ने कहा जरूरत के समय पर काम आना ही सच्ची लोक सेवा है। समय बितने के बाद किया गया काम का कोई मोल नही होता। इस लिए नगर पालिका में आने वाले लोगों का समय और जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के साथ काम को पूरा करने पूरी पालिका कटीवद्ध है। उन्होंने कहा किए इमलीभाठा क्षेत्र में बहुत से जरूरी काम हुए हैं। सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के अलावा मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार किया गया है। वहीं पानी की समस्या का 24 घंटे में निराकरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आने वाले दिनों में इमलीभाठा के लोगों के लिए भागवत कोसरिया भवन का निर्माण होना है। इसके बनने से बहुत से छोटे बड़े आयोजन, विवाह समारोह संपन्न कराया जा सकता हैं। उन्होंने कहा नगर पालिका में बैठे अधिकारी, कर्मचारी सहित सभी पार्षदों की कोशिश रहती है कि लोगों की समस्या का जल्द से जल्द सामाधान किया जा सके। इस अवसर पर सभापति व पार्षद संदीप घोष, राहुल चंद्राकर, मुन्ना देवार, सेन समाज के प्रांताध्यक्ष दुकालूराम ठाकुर, कोषाध्यक्ष फेकूराम ठाकुर, सीताराम सेन, डॉ मनोज ठाकुर, हेमलाल ठाकुर, शत्रुघन लाल सेन, चेतन सेन, रोहित सेन, तरुण, अरुण, लोकनाथ, घनश्याम, भोला सेन, तेज सिंह, लक्ष्मीनारायण, बंशी, अश्वनी, कौशिक, राजेंद्र सेन, लता ठाकुर, प्रेमन सेन आदि उपस्थित थे।

# धरमजयगढ़ में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर बैठक अधिकारियों ने छात्र छात्राओं को दिए टिप्स





जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ में तहसीलदार के नेतृत्व में विकासखण्ड के नजदीकी ग्रामों से आये विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं को यूथ सेंटर से जोड़ने के लिए बैठक रखा गया। जिसमें उपस्थित तहसीलदार धरमजयगढ़, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी धरमजयगढ़, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं डाइट में पदस्थ शिक्षकों द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के सम्बंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। वहीं धरमजयगढ़ तहसीलदार के द्वारा चुनिंदा पुस्तकों का चयन कर उनके अध्ययन के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, एवं उपस्थित छात्र छात्राओं को मुख्यमंत्री युवा केन्द्र में नियमित अध्ययन करने को कहा गया ताकि बच्चों की तैयारी में निरंतरता बनी रहे। इसके अलावा महाविद्यालय, अशासकीय उ मा विद्यालय के संस्था प्रमुखों का बैठक लिया गया। जिसमें यूथ केंद्र में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, विषय विशेषज्ञों का चयन व सफल संचालन के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

## पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर किया कुल्हाड़ी से हमला

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र के उदउदा गांव के पंडरी महुआ ग्राम में आज दोपहर करीब 2 बजे गांव के ग्रामीण युवक महेत्तर बैगा पर गांव के ही बागर साय द्वारा जमीन मामले में पुरानी रंजिश को लेकर कुल्हाड़ी से जान लेवा हमला कर दिया गया है जिसमें उसके सिर पर गंभीर चोट आई है जिसे 108 के माध्यम से सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है जहां पीड़ित का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार पंडरी महुआ ग्राम निवासी महेत्तर बैगा उम्र 28 वर्ष शाम करीब 4 बजे इस बात से अंजान की पुरानी रंजिश को लेकर उसके पीछे कोई घात लगाए बैठा हुआ है। महेत्तर बैगा घर से कुछ ही दूर ट्यूब वेल के पास पानी पीने के लिए जा रहा था उसी दौरान गांव के ही युवक बागर साय उस पर पीछे से कुल्हाड़ी से जान लेवा हमला कर दिया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई और वह वहीं घायल हो गया बताया जा रहा है उसके बाद हमलावर वहां से भाग निकला, जैसे ही इस घटना की जानकारी परिजनों को हुई उसके तुरंत बाद लहू लुहान महेत्तर बैगा को इलाज के लिए 108 के माध्यम से धरमजयगढ़ हॉस्पिटल लाया गया जहां उसका उपचार जारी है बता दें पीड़ित के अनुसार हमले के बाद हॉस्पिटल तहरीर एवं परिजनों के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

## राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ संघ का क्षेत्रीय बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ संघ का क्षेत्रीय बैठक सम्पन्न जिला जशपुर में आये दिन लगभग एक वर्ष से धार्मिक संगठन राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ का बैठक ग्राम-ग्राम तक किया जा रहा है और गौ माता की हिन्दू समाज में कितना महत्व है उसे गौ सेवकों द्वारा बताये जा रहे हैं। मानव मात्र के जीवन में गौ माता किस तरह उपयोगी और जरुरी है इस विषय में प्रकाश डाला जा रहा है इसी क्रम में ग्राम सलिहाटोली खंडसा में क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें रायकेरा क्षेत्र के आठ ग्राम से लोग प्रतिनिधि के रुप में बैठक में उपस्थित रहे बैठक का अध्यक्षता केशव प्रसाद सिंह द्वारा किया गया जिसमें उपस्थित जन सभा को प्रदेश उपाध्यक्ष करनेल सिंह एवं प्रदेश मंत्री वेद प्रकाश तिवारी द्वारा सम्बोधन किया गया एवं गौ माता की मानव मात्र के लिए कितना महत्वपूर्ण है और गौ माता का सुरक्षित रखना कितना जरूरी है इसे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया और गौ सेवा क्षेत्र में लोगों को अग्रसर हो कर बढ़ चढ़ गौ सेवा कार्य में लगने के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित किया गया तथा अध्यात्मिक दृष्टिकोण से गौ सेवा को ईश्वरीय कार्य समझ कर भक्ति भावना के साथ करें जिसमें ईश्वरीय सेवा भी निहित है और गौ माता का सेवा हिन्दू समाज के लिए तो तैंतीस करोड़ देवी देवता का एक साथ पूजन करने का महत्व रखता है बैठक में विशेष रूप से संघ क्षेत्र से जिला जशपुर शारीरिक प्रमुख नरेश कुमार यादव एवं क्षेत्र के सभी गौ सेवक कार्यकर्ता तथा ग्राम प्रमुख उपस्थित रहे।

## समस्याओं का निराकरण और योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर सुनिश्चित करें-कलेक्टर

समय-सीमा का बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्लस्टर स्तर पर आयोजित किये गये जन समस्या निवारण शिविर के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों का निराकरण शीघ्र ही सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्य शासन के महत्वपूर्ण फ्लैगशीप योजनाओं का क्रियान्वयनजमीनी स्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। में कलेक्टर शुक्ला ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से उनके पास लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित को इसकी सूचना अवश्य दें। उन्होंने भूमि अधिग्रहण के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एसडीएम और लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## भाजपा के किसानों से टिफिन पर चर्चा पर कांग्रेस का कटाक्ष

हम बोरे बासी खाते हैं भाजपा को टिफिन संस्कृति मुबारक - कांग्रेस

**रायपुर** । प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा के टिफिन पर चर्चा अभियान को राजनैतिक नाटक नौटंकी करार देते हुए कहा है कि कांग्रेस बोरे बासी पर बात करती है।

हमारे किसान बोरे बासी खाकर कड़ी धूप में पसीना बहाते हैं और किसानों का शोषण कर उन्हें खुदकुशी के लिए मजबूर करने वाली भाजपा अपने घर का टिफिन खाकर किसान से बात करेगी, इससे बड़ा मजाक और क्या हो सकता है। टिफिन पर चर्चा का भी भाजपा के खेत सत्याग्रह और भात पर बात कार्यक्रम की तरह ही होगा। भाजपा के दोनों कार्यक्रम में किसान नहीं आये। भात पर बात कार्यक्रम के लिये बनाये टमाटर की चटनी और भात को भाजपा ने नेता ही खाकर वापस घर आ गये। जब भाजपा सत्ता में थी तब किसानों का शोषण करती थी। 15 सालों तक चुनावी वर्ष में बोनस का वायदा करने के बाद किसानों को ठगने वाली भाजपा ने धान की कीमत 2100 रू. 300 रू. बोनस देने का वायदा करने के बाद मुकर गयी थी।

एक नजर

## विजय आर्य ने प्राप्त किया प्रथम पुरस्कार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



गुरुकुल तुरंगा में अध्यनरत विद्यार्थी विजय आर्य ने स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान बैंगलोर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर योग प्रतियोगिता में भाग लिया जिसका आज समापन समारोह था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष से विभिन्न प्रांतों से हर आयु के प्रतिभागियों ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया। इस योग प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम आयु के वर्ग की प्रतियोगता में हमारे छत्तीसगढ़ के बच्चों ने हर प्रांत के बच्चों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीतकर इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना प्रथम स्थान बनाया, जिसमें गुरुकुल तुरंगा का होनहार छात्र विजय आर्य। दमाऊ धारा से ओम कुमार पटेल, पेवरा बरमकेला से आशीष नायक और रायपुर से तिलक कुमार थे। इन सभी को परम पूज्य पद्मश्री से अलंकृत, स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान के कुलाधिपति द्वारा प्रमाण पत्र मेडल और ट्रॉफी प्रदान की गई। आज इस स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान परिसर में छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का नारा गूंज गया।

## नन्हेश्वर शिवलिंग का शीघ्र पता लगाएं प्रशासन और दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें- गोमती साय

हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।



रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय ने कहा कि पाठ क्षेत्र के हिन्दुओं के आस्था के केंद्र नन्हेंश्वर महादेव मंदिर के शिवलिंग को किसी हिन्दू विरोधी अराजक तत्व द्वारा गायब कर दिया गया है। जिसे शासन- प्रशासन शीघ्र ढूंढे। और इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले को तलाश कर उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। अभी हाल में ही इसी पाठ क्षेत्र से ज्ञानवापी विवाद पर सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणी भी की गई थी। इस प्रकार हिन्दुओं की धार्मिक भावना से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकेगा। जशपुर क्षेत्र की शांत वातावरण में अशांति फैलाने की साजिश रच रहे, असामाजिक तत्वों के खिलाफप्रशासन कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

## भीषण गर्मी में राहत देगा वाटर एटीएम, सेक्टर 4 बोरिया मार्केट में महापौर ने वाटर एटीएम का किया शुभारंभ

**भिलाई** । शुद्ध पेयजल शहर सरकार की पहली प्राथमिकता है। बीएसपी के टाउनशिप एरिया में जब शुद्ध पेयजल का संकट हो तो ऐसी परिस्थिति में भिलाई नगर निगम द्वारा वाटर एटीएम की स्थापना करना अपने आपमें एक सुखद व राहतभरी खबर है। निगम की मंशा है कि शहर के टाउनशिप व पटरीपार के निवासी को पीने के लिए शुद्ध जल उपलब्ध करा सकें। इसके लिए निगम प्रशासन सदैव प्रयासरत रही है। महापौर नीरज पाल ने भी पेयजल आपूर्ति विभाग को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। वहीं भीषण गर्मी के दिनों में जगह-जगह प्याउ घर व वाटर एटीएम खोले जाने से शहरवासियों सहित वहां से गुजर रहे राहगीरों के कंठ को तर करने में भी मदद मिलेगी। सेक्टर 4 के बोरिया मार्केट सहित आसपास के लोगों तथा राहगीरों एवं आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से वाटर एटीएम की स्थापना की गई है। महापौर पाल ने आज इस वाटर एटीएम का शुभारम्भ किया।

## धरमजयगढ़ थाना परिसर में बना शौचालय, उपयोग से पहले उखड़ा दरवाजा




जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

भ्रष्टाचार करने वाला कहीं को, किसी को नहीं छोड़ता। इसका ताजा उदाहरण धरमजयगढ़ थाना परिसर में बना नया शौचालय है। लाखों की लागत से बना यह शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। पूर्ण होने से पहले ही टूटने लगा है। थाना परिसर में बना नया शौचालय का अभी ढंग रंगाई पोताई भी नहीं हो सका है और दरवाजा टूट कर बाहर आ गया है। शौचालय का उपयोग ही शुरू नहीं हुआ है। ठेकेदार द्वारा जैसे तैसे करके ढांचा तैयार कर दिया गया है। थाना आने वाले लोगों के लिए इस शौचालय का निर्माण कराया गया है। क्योंकि थाना परिसर में शौचालय नहीं होने से लोग इधर उधर भटकते नजर आते थे। यहां शौचालय की अति आवश्यकता थी लेकिन नए बने शौचालय का हाल अभी से खराब है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले हवा चली थी जिसमें दरवाजा उखड़ गया है।

## नवतपा प्रारंभ आज से, 2 जून तक रहेगा असर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

गर्मी के दिनों में नवतपा को हर कोई याद करता है। क्योंकि कभी कभी नवतपा में बहुत ज्यादा गर्मी पड़ती है। ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो रही है। नौतपा में सूर्य की गर्मी हद से ज्यादा होती है और इस दौरान आंधी-तूफान भी आते हैं।



ज्योतिष शास्त्र की माने तो इस दौरान सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में दाखिल होते हैं और इसी कारण नौ दिनों तक मौसम में फेरबदल देखने को मिलता है। शास्त्रों के अनुसार वर्ष 2022 में रोहिणी नक्षत्र 25 मई से 8 जून तक रहेगा और नौतपा 2 जून तक जारी रहेगा। नौतपा के दौरान हिंदू धर्म में कुछ उपाय बताए गए हैं। कहते हैं कि इस दौरान पेड़ पौधे लगाने का प्रावधान होता है। पेड़ पौधे छाया देने के साथ गर्मी के ताप को कम करते हैं। इसलिए इसे लोगों का कल्याण करने वाला कार्य माना जाता है। इस कार्य से जो पुण्य अर्जित होता है, वो लंबे समय तक साथ रहता है। नौतपा का सही समय शास्त्रों के मुताबिक साल 2022 के रोहिणी नक्षत्र 25 मई से 8 जून तक रहेगा और नौतपा 2 जून तक जारी रहेगा। सूर्य 25 मई को सुबह 8 बजकर 16 मिनट पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, वहीं 8 जून को सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर रोहिणी नक्षत्र से बाहर हो जाएंगे।

### नवतपा में क्या सावधानी बरतनी चाहिए

इस दौरान सूर्य की गर्मी से तापमान बढ़ा हुआ रहेगा और ये शरीर के तापमान को भी प्रभावित कर सकता है। इस दौरान हल्का खाना खाएं और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पिये। साथ ही आप लोगों के लिए पानी का दान कर सकते हैं। इस दौरान जगह-जगह पानी के मटके रखवा दें। नौतपा में बाहर निकलने के समय जूते.-चप्पल, छाता का उपयोग करें। आम, खरबूजा, दही आदि गर्मी से बचाव करने वाली चीज खाएं। इंसान ही नहीं आपको पक्षु-पक्षियों का भी खयाल रखना चाहिए। नौतपा के दौरान जानवरों एवं पक्षियों के लिए जगह-जगह पीने के पानी की व्यवस्था करें। नौतपा के दौरान पेड़.पौधे लगाना बहुत अच्छा माना जाता है। पेड़ एवं पौधों से मिलने होने वाली छाव लोगों को गर्मी में राहत देती है।

### नवतपा में क्या न करें

नौतपा के दौरान आंधी-तूफान के आने का माहौल बना रहता है, ऐसे में इस दौरान शादी या मुंडन के लिए कार्यक्रम का आयोजन करने से बचें। नौतपा के दौरान तापमान सामान्य से ज्यादा होता है और इस दौरान बाहर निकलने से परहेज करें। किसी भी तरह की यात्रा करने से बचें। मजबूरी होने पर ही बाहर निकलें। नौतपा के दौरान ही नहीं सामान्य तौर पर भी आपको तला-भुना खाने से परहेज करना चाहिए गर्मी में ऐसा खाना तबीयत को बिगाड़ सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in